हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 27 नवंबर 2024



# 1648 आवेदनों की फिर से होगी एंट्री, आवेदकों के घर पहुंचकर दस्तावेज पूरा करेंगे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीएम आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए वित्तीय सहायता के लिए दो साल पहले तक निगम में आवेदन जमा करने वाले हितग्राहियों को अब तक स्वीकृति नहीं मिल पाई है। इधर अब सरकार ने इन आवेदनों को दोबारा नए पैमाने के अनुसार ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश निगम को दे दिए हैं। ऐसे में अब आवास योजना से जुड़े निगम के अफसर एवं कर्मचारी इन 1648 आवेदकों से संपर्क कर फार्म पूरा करने की कवायद में जुट जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि अब केंद्र सरकार ने पीएम आवास 2.0 की शुरूआत कर दी है। ऐसे में अब होने वाले सभी आवेदन नए नियमों के अनुसार ही जमा किए जाने हैं। ऐसे में लगभग 2 वर्ष पूर्व नगर निगम द्वारा राज्य शासन को 1648 आवेदन स्वीकृति के लिए भेजे गए थे, लेकिन इन आवेदनों की अब तक स्वीकृत नहीं मिल पाई है। अब इन 1648 आवेदनों को होल्ड कर दिया गया है। इन आवेदकों को अब एक बार फिर आवेदन करना होगा। इसके लिए ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। योजना के तहत मोर मकान आस का लाभ लेने के लिए एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग के लोगों को जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से जमा करना है। आवेदक और परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड, बैंक खाता जो आधार से जुड़ा हो, राजस्व अधिकारी द्वारा प्रमाणित आय प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति/जनजाति और पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्र, भू-स्वामित्व संबंधी दस्तावेज, बीपीएल कार्ड मांगे जा रहे हैं।

## पूर्व में जमा आवेदनों की अब नए पैमाने अनुसार करनी होगी एंट्री, कई दस्तावेज की मांग

### ऑनलाइन के बाद ही स्वीकृति

1648 लंबित आवेदनों को ऑनलाइन किए जाने को लेकर नगर निगम के माध्यम से आवेदकों को सूचना दिए जाने की तैयारी की जा रही है। वहीं निगम में जिन लोगों ने आवेदन किया था, उसमें नए नियम के तहत आय, जाति और बंटवारा नामा बी1/पी2 लगा है कि नहीं यह भी देखा जा रहा है। दस्तावेजों की कमी होने पर हितग्राहियों से यह दस्तावेज मांगे जाएंगे। इसके बाद ही ऑनलाइन की प्रक्रिया पूर्ण होगी।



**अब तक इतने मकान बने :** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी घटक में प्रथम चरण के तहत नगरीय निकाय से 8265 आवासों को स्वीकृति मिली थी। इसमें से अब तक 7425 आवास पूर्ण हो चुके हैं। वहीं 840 आवास निर्माणाधीन है।

### बंटवारा नामा से नहीं चलेगा काम

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को सबसे बड़ी समस्या बंटवारा नामा को लेकर सामने आ रही है। पहले माता-पिता की मंजूरी से शादीशुदा पुत्र को शपथ पत्र के माध्यम से बंटवारा नाम प्रस्तुत करने पर आवास योजना का लाभ मिल रहा था। वहीं अब इसे खत्म करते हुए बी-1/पी-2 में बंटवारा अनिवार्य कर दिया गया है, यानि नहीं अब हितग्राही को अपने माता-पिता से अलग अपने जमीन के रजिस्ट्री करनी होगी। ऐसे में यदि अपने जीते जी कोई माता-पिता अपनी जमीन अलग नहीं करना चाहता है तो उसे भी मजबूरन अपने पुत्र को अलग करना होगा।

---

## अब सोसायटियों से टोकन लेने वाले किसानों को भी मिलेगा महत्व

# अब 60 प्रतिशत टोकन ही ऑनलाइन मिलेगा, 40 फीसदी ऑफलाइन कटेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी में इस बार ऑनलाइन टोकन कटवाने को लेकर किसानों के बीच जोरदार होड़ दिखी है। हालत यह है कि 30 नवंबर तक सभी केंद्रों में धान बेचने का कोटा ऑनलाइन ही पूरा हो गया है। आंकड़ों पर नजर डाले तो अब तक धान बेच चुके लगभग 40 हजार किसानों में 90 फीसदी से अधिक ने अपना नंबर लगाने के लिए एप का उपयोग करते हुए ऑनलाइन टोकन ही लिया था। ऐसे में समितियों में टोकन लेने के लिए पहुंच रहे किसानों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा था।

जिसको लेकर लगातार शिकायतें भी सामने आ रही थी। जिसको देखते हुए अब शासन ने ऑनलाइन और ऑफलाइन टोकन को लेकर दायरा तय कर दिया है। नए निर्देश अनुसार अब अधिकतम 60 फीसदी टोकन ही ऑनलाइन दिए जाएंगे। जबकि 40 फीसदी तक टोकन ऑफलाइन काटने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में जिन इलाकों में नेटवर्क या अन्य समस्या से किसान टोकन नहीं ले पा रहे थे, उन्हें अब धान बेचने के लिए सहुलियत मिलेगी।



### अब तक 38168 ने बेचा धान

धान खरीदी की रफ्तार भी अब तेजी से बढ़ गई है। फसल काट चुके किसान अब अपनी उपज बेचने के लिए बड़ी संख्या में केंद्रों तक पहुंच रहे हैं। राजनांदगांव जिले में 22814 किसानों से 1101164 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। ऐसे ही खैरागढ़ जिले के 11067 किसानों ने 596471 क्विंटल धान बेच दिया है। मोहला-मानपुर इन दो जिलों से पीछे चल रहा है। यहां 4287 किसानों से 207078 क्विंटल धान की खरीदी हो पाई है। आगामी दिनों में आवक बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

### धान उठाव नहीं होने से दिक्कत

इधर धान खरीदी में सबसे बड़ी दिक्कत उठाव नहीं होने से उत्पन्न हो गई है। राजनांदगांव सहित मोहला-मानपुर एवं खैरागढ़ जिले में लगभग 18 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है, लेकिन अब तक उठाव शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में अधिकांश केंद्रों में नई खरीदी के लिए स्थान की किल्लत शुरू हो गई है। हालांकि समिति प्रबंधकों ने इस स्थिति से प्रशासन को अवगत करा दिया है।

### 6 दिसंबर तक स्लॉट बुक

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले में आगामी 6 दिसंबर तक टोकन बुक हो चुके हैं। इनमें 95 फीसदी से अधिक टोकन किसानों द्वारा ऑनलाईन ही लिए गए है। यही कारण है कि अब ऑनलाइन टोकन की सीमा तय करने के लिए इसका हिस्सा 60 फीसदी तक कर दिया गया है। 9 दिसंबर या इसके बाद की खरीदी में अधिकतम 60 फीसदी टोकन ही ऑनलाइन लिए जा सकेंगे।

### सर्वर ठप, नहीं मिल रहा टोकन

जिले में टाटेकसा, घुमका सहित ऐसे दर्जनों गांव हैं, जहां किसानों को पिछले पांच दिन से ऑनलाइन टोकन भी नहीं मिल पा रहा है। किसानों से मिली जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार से सर्वर धीमा हो गया है और टोकन लेने के लिए काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को अपनी उपज बेचने से पहले ही समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि पिछले दो साल से किसान तुहंग द्वार एप के जरिये ऑनलाइन टोकन देने की शुरूआत की गई है।

---

# सैकड़ों परिवारों को अब तक नहीं मिला पट्टा, प्रशासन से की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के वार्ड नंबर 22 रेवाडीह की महिलाओं ने बार-बार आवेदन के बाद भी आवासीय पट्टा नहीं दिए जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त करते कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द पट्टा दिए जाने की मांग की है।

रेवाडीह क्षेत्र के मिलन चौक आबादी पारा की दर्जनभर महिलाओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर कहा है कि वर्षों से आवासीय पट्टे के लिए वह भटक रहे हैं, लेकिन अब तक शासन-प्रशासन द्वारा उन्हें पट्टा नहीं दिया गया है।

### 30-40 वर्षों से निवासरत लोग

वार्ड की उर्मिला निषाद और माधुरी साहू ने कहा कि मिलन चौक आबादीपारा में लगभग ढाई-तीन सौ परिवार है, जिन्हें अब तक शासन की योजना के तहत पट्टा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि यहां लगभग 30-40 वर्षों से लोग निवास कर रहे हैं। इसके बावजूद अब तक इस क्षेत्र का सर्वे करके पट्टा देने की कार्रवाई नहीं हुई है।

### कलेक्टर से लगाई गुहार

महिलाओं ने कहा कि पट्टे की मांग को लेकर कई बार दफ्तरों के चक्कर काट चुके हैं। कलेक्टर कार्यालय से लेकर निगम कार्यालय तक फरियाद कर चुके हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री तक भी ज्ञापन के माध्यम से गुहार लगाई है, लेकिन अब तक उन्हें पट्टा नहीं दिया गया है।

### आवास योजना का नहीं मिल रहा लाभ

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची महिलाओं ने कहा कि आवास का पट्टा नहीं मिलने के चलते उन्हें कच्ची झोपड़ीनुमा मकान में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। पट्टा नहीं मिलने की वजह से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ भी उन्हें नहीं मिल रहा है।

---

# संविधान दिवस पर शहर में निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला बौद्ध कल्याण समिति द्वारा शहर में संविधान रैली निकली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के लोगों सहित देशप्रेमी शामिल हुए।

संविधान दिवस पर शहर में संविधान रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टोरेट कार्यालय स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूजा-अर्चना कर संविधान की प्रस्तावना का पठन किया।

### नारों से गूंजा शहर

संविधान दिवस पर आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में देशप्रेमी लोग शामिल हुए और देश भक्ति गीतों में झूमते रहे। इस दौरान भारतीय संविधान के जयकारे और डॉ. भीमराव अंबेडकर अमर रहे के नारे गूंजते रहे।



### संविधान ने दिया समान अधिकार

संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होते महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि भारत की अखंडता और प्रभुता को बनाए रखने के लिए आज हम संविधान दिवस मना रहे हैं। यह धर्मनिरपेक्ष भारत को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान एक ऐसा लचीला संविधान बना। जिसने सभी को समान अधिकार दिया। सभी को उनका मौलिक अधिकार मिला। महिलाओं को अधिकार मिला। जाति भेदभाव को दूर कर लोगों में समानता का अधिकार संविधान ने दिया है।

### विभिन्न मार्गों से गुजरी रैली

संविधान दिवस पर बौद्ध कल्याण समिति द्वारा आयोजित रैली तुलसीपुर स्थित अंबेडकर संस्कृतिक भवन से प्रारंभ होकर ममता नगर, नवागांव, मोतीपुर, रामनगर, शंकरपुर, शांतिनगर, चिखली, स्टेशनपारा, मठपारा, भरकापारा, रामाधीन मार्ग, कामठी लाइन, गुडाखू लाइन, ईमाम चौक, मानव मंदिर चौक होते हुए वापस अंबेडकर सांस्कृतिक भवन में पहुंचकर संपन्न हुई।

---

# दबंगों पर कार्रवाई नहीं, इच्छा मृत्यु मांगने पहुंचा युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देशभर में एक तरफ संविधान दिवस मनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर राजनांदगांव कलेक्टोरेट कार्यालय में संविधान को न मानने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने के चलते एक युवक अपने और अपने परिवार के लिए इच्छा मृत्यु मांगने पहुंच गया।

जिले के घुमका तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उपरवाह में ग्राम के कुछ प्रमुख लोगों द्वारा मिलकर फागूराम साहू और उसके पूरे परिवार का हुक्का-पानी बंद कर दिया गया है। मामले को लेकर कार्रवाई नहीं होने के चलते कानून को धता बताने वाले लोगों के हौसले बुलंद है।

### मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहा परिवार

शिकायत के बाद भी गांव से बहिष्कृत करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर अपने परिवार के मानसिक रूप से प्रताड़ित होने के चलते इस परिवार के युवक ने कलेक्टर से अपने और अपने परिवार के सभी लोगों के लिए इच्छा मृत्यु देने की मांग की है।



### गांव में दंड का प्रावधान

उपरवाह के इस परिवार का हुक्का-पानी बंद होने से गांव में उनके साथ बोलचाल से लेकर सामान लेनदेन और रोजी-मजदूरी भी बंद कर दी गई है और इनसे किसी भी तरह का ताल्लुक रखने वाले लोगों पर भी दंड का प्रावधान किया गया है।

### दबंगों ने सुनाया फैसला

गांव के दबंगों से पीड़ित पक्ष ने कहा कि अगर उनका निर्माण अवैध है तो वह विधिवत तहसील और कलेक्टर में आवेदन करें और उनका निर्माण तोड़ने आदेश ले आए, लेकिन दबंगों ने उन्हें अपना ही आदेश सुना दिया और गांव में उनका हुक्का-पानी बंद कर दिया गया।

### न्याय नहीं मिला तो मौत मांगने पहुंचा

एक सादे कागज में अपने साथ अपने परिवार की मौत के फरमान की इच्छा लिखकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे 26 वर्षीय रितेश कुमार साहू ने कहा कि उनके पिता फागूराम साहू ने गांव में ही अपने पूर्वजों की भूमि पर पक्का मकान बनवाया हुआ है और मकान के मुहाने पोर्च बनवाया है। इस पोर्च को तोड़ने को लेकर गांव के कुछ प्रमुख लोगों द्वारा उनके पिता पर दबाव दिया गया, लेकिन जब उन्होंने पोर्च नहीं तोड़ा तो उनके परिवार का गांव में हुक्का-पानी बंद कर दिया गया। पीड़ित ने कहा कि इससे पहले भी गांव के उन लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत की जा चुकी है, लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई कुछ नहीं हुई।

### गांव हमारे कानून से चलेगा

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे पीड़ित फागूराम साहू के पुत्र रितेश कुमार ने कहा कि लगभग दो माह पूर्व भी इस मामले में कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर शिकायत कर चुके हैं। वहीं तहसील स्तर पर भी मामले की शिकायत की जा चुकी है। जिसके बाद तहसीलदार गांव पहुंचे थे और गांव के लोगों को समझाईश भी दी थी, लेकिन हुक्का-पानी बंद करने वाले लोगों ने संविधान के कानून को मानने से इनकार करते यहां हमारा कानून चलेगा कहा है।

---

## ठिठुरनभरी ठंड से लोग हलाकान, गर्म कपड़ों के बाजार में दिख रही ग्राहकी

# उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं से बढ़ी ठिठुरन, रात का तापमान पहुंचा 13 डिग्री..विजीबिलीटी में भी आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के कारण ठंड का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। अंचल में तापमान 13 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। हालांकि अगले कुछ दिन इसमें और गिरावट की संभावना कम है। वहीं ठंड बढ़ने से अलसुबह विजीबिलीटी में भी कमी आई है।

इधर सर्दियों के सीजन की शुरूआत होने के साथ ही मौसम में बड़े बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में बच्चों और बुजुर्ग सबसे पहले बदलते मौसम से बीमार पड़ते हैं। डॉक्टरों के अनुसार नवजात शिशु के साथ सभी उम्र के बच्चों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। उनको पहनाए जा रहे गर्म कपड़ों के भीतर एक एक्स्ट्रा लेयर जरूर पहनाएं। बुजुर्गों के लिए भी यही नियम उन्हें सर्दियों से बचाएगा। बाहर जाने पर कानों को ढंककर ही निकले। छोटे बच्चों को हाथों में दस्ताने और पैरों में मोजे जरूर पहनाएं

तापमान की बात करें तो राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान 28 डिग्री पर है। वहीं न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस पर है।



### तापमान में हल्की वृद्धि संभव

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। साथ ही वातावरण के मध्य स्तर में नमी का आगमन जारी है। जिसके कारण न्यूनतम तापमान में कल 27 नवंबर को विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश के सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में 29 नवंबर तक न्यूनतम तापमान में गिरावट लगातार जारी रहने की संभावना है। प्रदेश के मध्य क्षेत्र में न्यूनतम तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव के साथ हल्की वृद्धि का ट्रेंड रहने की संभावना है। प्रदेश के बस्तर संभाग और उससे लगे जिले में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

24 घंटे आपात चिकित्सा
• एक्सीडेंट
• जहर का सेवन
• लीवर फेलयर
• किडनी फेलयर
• हार्ट अटैक
• ब्रेन हेमरेज
• पीलिया • लकवा

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
• गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
• नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### विधायक सोनी को दिया बधाई

**सड़क अतरिया।** पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव का परिणाम घोषित होने के बाद नव निर्वाचित विधायक सुनील सोनी से मुलाकात कर जीत की बधाई दिया।

### मितानिन दीदियों का सम्मान



**तुमड़ीबोड़।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत मचानपार के सरपंच चिन्ताराम साहू ने मितानिन दिवस के मौके पर एक सादे समारोह मे पंचायत में सक्रिय मितानिन दीदियों एवं स्वच्छता ग्राही बहनों का सम्मान किया।

### स्वास्थ्य मितानिनों का सम्मान



**बोरतलाव।** ग्राम पंचायत बोरतलाव में 23 नवंबर को मितानिन दिवस मनाते हुए पंचायत कार्यालय में 16 वार्ड की मितानिनों को स्वास्थ्य के प्रति बेहतर कार्य करने पर सम्मानित किया गया। सभी मितानिनों को भेंट स्वरूप श्रीफल दिया गया। इस मौके पर सरपंच सरिता मंडावी ने कहा कि वह स्वास्थ्य के प्रति संपूर्ण समाज को जागरुक कर रही हैं। समय बेसमय पर ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं को स्वस्थ जीवन देने का प्रयास कर रही है जिसके लिए वह बधाई की पात्र हैं। इस मौके पर उप सरपंच कैलाश उके, सचिव दिनेश दिहारे, अशोक ठाकुर, सत्यशिला परते, हेमलता चावके, मितानिन देवकी नर्देश्वर, यमुना नेताम, पुष्पा टेकाम, भूमिका सोमनकर, दिलवंता मंडावी, अनुसुईया नेताम, कौशिल्या माहुले, गीता बल्हारे, ललिता पडोती, पूर्णिमा नेताम, अनिता धुर्वे, वंशीला मंडावी, मंजु सहारे, एबी बाई, मंटोरा बाई, ममता श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### तीर्थ ट्रस्ट ने रखा विभिन्न मांग

**डोंगरगढ़।** चन्द्रगिरि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट समिति के पदाधिकार्यो ने कलेक्टर संजय अग्रवाल को पत्र जारी कर दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति देने की मांग की है। उन्होंने स्टेशन के प्लेट फॉर्म 4 में शेड निर्माण, शौचालय, बैठक के लिए कुर्सी, टीवी एवं कालकापारा मार्ग पर नवनिर्मित रिटायरिंग रूम 50 बेड एवं डोर्मेटोरी के साथ पैदलपुल निर्माण की मांग की है। उन्होंने मां बम्लेश्वरी मंदिर ,चन्द्रगिरि तीर्थ और प्रज्ञागिरि में आने वाले दर्शनार्थियों को ध्यान में रखकर सभी मांगों को पूरा करने का आग्रह किया है।

### बनने लगे जाम के हालात, बढ़ेगी किसानों की परेशानियां

# अल्प अवधि में सोसाइटियों में लबालब धान, परिवहन अब तक शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

खरीदी शुरू होने के बाद मात्र नौ दिनों में 13 धान खरीदी केन्द्र में 90817 क्विंटल धान पहुंच गया हैं। वही धान के परिवहन की शुरुवात नहीं होने से अगले कुछ दिनों में जाम और खरीदी बंद करने जैसे हालत बन सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी गत 14 नंबर से शुरू हुई हैं। 14 से 25 नवंबर तक धान खरीदी केन्द्रो में 2131 किसानो से 90817 क्विंटल धान खरीदा जा चुका हैं। जानकारी के अनुसार स्थानीय धान खरीदी केंद्र में 8386 क्विंटल, घुघवा में 7578, अर्जुनी 6528, दीवानभेड़ी 9073, कोकपुर 12091, खुर्सीटिकुल 9220, आमगांव 8008, बादराटोला 10642, आतरगांव 5769, कुमरदा 7160, चिरचारी कला 1683, चारभांठा कु 2637 और धनगांव केन्द्र में 2038 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है।



### तौल में खेल

धान खरीदी के साथ तौल में भी खेल शुरू हो गया है। सोसायटियों में बारदाना के साथ तौल करते हुए किसानो से 40 किलो 900 ग्राम धान लिया जा रहा हैं। अधिक धान लेने के पीछे यह तर्क दिया जा रहा है कि 900 ग्राम कट्टे का वजन हैं जबकि कट्टा मात्र 520 ग्राम का है। प्रत्येक तौल में 380 ग्राम धान का खेल हो रहा है।

### परिवहन शुरू नहीं

सोसायटीयो में भरपूर धान की आवक होने के बाद भी प्रशासन अब तक परिवहन शुरू नहीं कर पाया हैं। कुमरदा सोसायटी जहां के फड़ का रकबा करीब आधा एकड़ है में अगले दो- तीन दिन में जाम के हालत बन सकते हैं। अन्य सोसायटीयो से भी शीघ्र धान का परिवहन नहीं किया गया तो खरीदी बाधित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

## धान खरीदी तेज, परिवहन सुस्त
## बारदानों के फटे होने की शिकायत

**मुढ़ीपार।** सोसाइटियों में धान खरीदी तेज हो गई है। बीते 10 दिनों में बफर लिमिट से ज्यादा धान खरीद लिया गया है। अब समिति प्रबंधकों को चिंता सता रही है कि समय पर धान का परिवहन नहीं हुआ तो खरीदी बाधित हो सकती है। जानकारी के अनुसार मुढ़ीपार बैंक, मोहारा बैंक अंतर्गत सोसायटियों में बफर लिमिट से ज्यादा धान की खरीदी हो चुकी है। सोसायटियों में अब धान भंडारण के लिए जगह नहीं है। धान का परिवहन नहीं होने से प्रबंधको की मुश्किलें बढ़ सकती है। जानकारी के अनुसार सोसाइटियों में फटे पुराने बारदाने मिलने से नुकसान झेलना पड़ रहा है। पांडादाह सोसायटी में पुराने और फटे बारदाने मिल रहे हैं जबकि नियमानुसार 50- 50 प्रतिशत नए पुराने बारदाने का उपयोग करना है। बताया जाता है कि सोसायटियों में नए बारदाने आ नहीं रहे और पुराने फटे मिल रहे है जिससे समिति प्रबंधक परेशान हैं।



### बारदाना आ रहा अन्य राज्यों से



**डोंगरगढ़।** सोसायटियों में बारदाने की कमी को देखते हुए दलाल सक्रिय हो गए है और हाल में मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से बड़ी मात्रा में बारदाना मंगवाया गया है। राइस मिलर्स की हडताल के बाद किसानों को बारदाना देने पर 25 रूपए का भुगतान की घोषणा हुई है। जानकारी के अनुसार पिछले 3 दिनों में दलालो एवं दूसरे राज्य के व्यापारियों ने 18 रूपए की दर से बड़ी मात्रा में बारदाने का सौदा किया है। सौदे के तहत लगभग 5 मेटाडोर बारदाना कई सोसायटियों में पहुंचा है। समिति प्रबंधकों एवं दलालों को बारदाना 20 रूपए की दर पर पहुंच कर मिला है, जिससे 5 रूपए कमाई करते हुए किसानों को 25 रूपए में बेचा जा रहा है। महाराष्ट्र से बारदाना लेकर आए ड्रायवर एवं कंडेक्टरों ने बताया कि वह दलालों द्वारा 18 रूपए में खरीदे गए बारदानों को मौके तक पहुंचाकर 20 रूपए में दे रहे है। उन्हे लगभग 2 लाख बारदाने का आर्डर मिला है, जिसकी खेप बुधवार तक पहुंचाना है।

# गांव और शहर में पीएम आवास योजना का लाभ उठाने का आरोप



- कई आरोपों के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत चिद्दो के सरपंच द्वारा राजनीतिक संरक्षण में अधिकारियों पर दबाव डालकर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, निर्माण कार्यों में गड़बड़ी और पंचायत के साथ पालिका क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाने की शिकायत मिली है।

जानकारी के अनुसार पंचायत एवं शहरी आवास में गड़बड़ी सामने आने के बाद तत्कालीन अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ है। जनपद सीईओ आलोक सतपुड़े, एसडीएम मनोज मरकाम एवं सीएमओ सीके शर्मा ने शिकायत को सही पाया है और जांच के बाद कार्यवाही करने की बात कहा जा रहा है। सरपंच ने बडे.वन के जंगलों के क्षेत्र की दो एकड़ जमीन पर कब्जा कर खेती करना शुरू कर दिया था।

शिकायत के बाद अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम के निर्देश पर तहसीलदार, आरआई एवं पटवारी ने फसल जप्त कर सरपंच से जमीन को अपने कब्जे में लिया है।

पालिका एवं जनपद में हुई शिकायत के अनुसार सरपंच ने ग्रामीण आवास योजना के तहत अपनी पत्नी के नाम से लाभ लेने के बावजूद नगर पालिका के वार्ड 23 में स्वयं के नाम से योजना का लाभ उठाया है जिसकी पुष्टि नगर पालिका अधिकारी सीके शर्मा ने की है।

## विज्ञान के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय की बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने गत दिनों धमतरी एवं बालोद जिले के गंगरेल बांध, सियादेवी, झलमला, तांदुला डेम का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को नीला चित्रक, टर्कोमेरिया, फ्रेगीपानी तथा अनावृत्त बीजी पौधे आदि की जानकारी दी गई। गंगरेल एवं सियादेवी मंदिर के प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक परिदृश्य से अवगत कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण से 72 विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान विभागाध्यक्ष सोनाली लोया, सहायक प्राध्यापक ओमप्रकाश वर्मा, प्रभात बैस, देवश्री देवांगन, राजेश्वरी ठाकुर उपस्थित थे।



# पिकअप और बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, एक गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

नगर से कुछ दूरी पर स्थित नर्सरी के समीप पिकअप और बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस घटना में पदगुडा निवासी तामेश्वर गोंड उम्र 21 साल की घटना स्थल पर मौत हो गई। बाइक चालक तामेश्वर अपने रिश्तेदार को छोड़कर छुरिया की ओर आ रहा था। उसके साथ लिफ्ट मांगकर संतोष यादव एवं सात बच्चा मांगकर आ रहे थे। नर्सरी के पास पिकअप वाहन एवं बाइक में भिड़ंत होने से तामेश्वर की मौत हो गई। संतोष यादव के साथ बैठा बच्चे को कुछ नहीं हुआ किन्तु संतोष यादव गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे 112 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज राजनांदगांव रिफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा।



### बाल मेले में रंग तरंग की धूम

**रामाटोला।** ग्राम पंचायत रामाटोला में संचालित अज़ीज पब्लिक स्कूल में विगत दिनों बाल मेले का आयोजन किया गया। मेला में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ स्टॉल लगाए। बच्चों ने रचनात्मक और पाक कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। मोमोज, भजिया, पकौड़े, आइसक्रीम, भेल और चाट के स्टाल में लोगों की भीड़ उमड़ी रही। सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया। सर्कस की थीम पर आयोजित मेला को रंग-बिरंगे पोस्टर एवं सर्कस से जुड़ी वस्तुओं का इस्तेमाल कर सजाया गया था। प्राचार्य सचिनपाल सिंह ठाकुर एवं उप प्राचार्य तन्मय शर्मा ने कहा बच्चों की रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के लिए मेला एक बेहतरीन माध्यम है। मुख्य अतिथि तनाज जिशान अली, फरजान दानिश एवं शिवम सर थे।

# विवाद गहराने के बाद टेंडर खोलने से कर रहे परहेज

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका को सांसद संतोष पांडे ने विभिन्न कार्य के लिए 2 करोड़ 80 लाख दिलाया है। प्रस्तावित कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूरी हो गई है किन्तु पीआईसी की बैठक में उक्त कार्य पर कांग्रेस जनप्रतिनिधियों ने सवाल उठाते हुए निरस्त करने की थी।

मामले की शिकायत के बाद टेंडर फार्म खोलने में अधिकारियों के हाथ-पैर फूल रहे है। दूसरी तरफ भाजपा के पार्षदों ने सामान्य सभा की बैठक में विकास के अनुरूप स्वीकृत कार्यों की निविदा को खोलने की प्रक्रिया पूरा करने की बात कहा है।

### जल्द पूरा किया जाएगा टेंडर प्रक्रिया

इंजीनियर रितेश स्थापक एवं सीएमओ सीके शर्मा ने बताया कि योजना के तहत नगर पालिका को मिले करोड़ो के कार्य की टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सामान्य सभा की बैठक के बाद टेंडर खोलकर स्वीकृत कार्य पूरा किया जाएगा।

### चुनावी लाभ के लिए मंजूरी

जानकारी के अनुसार पालिका अध्यक्ष ने पीआईसी की बैठक में भाजपा पार्षदों को आगामी निकाय चुनाव में फायदा पहुंचाने के लिए निर्माण कार्य स्वीकृत करने का आरोप लगाया था। टेंडर प्रक्रिया के दौरान भाजपा खेमे में खीचतान की स्थिति बन गई थी। बताया जाता है कि तालमेल नही बैठने के बाद अधिकारी एवं कर्मचारियों ने टेण्डर फार्म हर किसी को बांट दिया था। भाजपा कांग्रेस समर्थित ठेकेदारों के अलावा अन्य ने फार्म लेकर विवाद बढ़ा दिया। निविदा फार्म जमा करने के 2 सप्ताह बाद भी निविदा नही खोले जाने को लेकर ठेकेदार एवं अधिकारियों के बीच विवाद होने की जानकारी मिली है।

**// ईश्तहार //**
**(नोटिस व्यवहार वाद प्रकरण )**
**वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा एवं स्थाई निशेधाज्ञा बाबत्**
**श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 भानुप्रतापपुर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

व्य.वाद.क्र. 27A/2022
प्रो. क्र. 216/ 2024
पेशी दिनांक / / 2024

दशरू राम व अन्य ....... आवेदक
विरूद्ध
शबीना बारी व अन्य ..... अनावेदकगण

प्रति,
सर्व संबंधित आम जनता एवं विनोद सिंह पिता कौशलेन्द्र सिंह निवासी वार्ड क्रमांक 23 राजनांदगांव जिला राजनांदगांव वादी/आवेदक के द्वारा, माननीय न्यायालय के समक्ष, वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा एवं स्थाई निशेधाज्ञा प्रदान किये जाने के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसमें आपको इस नोटिस के जरिये सूचना दी जाती है कि दिनांक 30/11/2024 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब तथा ऐसा दस्तावेज जिस पर आप अविलंब ले रहे हैं, प्रस्तुत करें, अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, यदि उक्त तिथि को अवकाश रहता है, तो अगले कार्य दिवस पर आवेदन की कार्यवाही की जावेगी।

इस न्यायालय की मुहर से एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 21/11/2024 को जारी किया गया।

मुहर
आनंद बोरकर
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01
भानुप्रतापपुर

### पत्रकार संगोष्ठी आज

**गंडई पंडरिया।** जिला गठन के बाद प्रेस क्लब गंडई के तत्वावधान में पहली बार जिला स्तरीय पत्रकार संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे जिलेभर के 50 से अधिक पत्रकारों के शामिल होने की उम्मीद है। यह आयोजन पत्रकार में एकता, परिचय एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली समस्याओं पर विचार करने के लिए रखा गया है। कार्यक्रम में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, वेब पोर्टल सहित अन्य को आमंत्रित किया है।

# फिर काटे गए 116 बकायेदारों के कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- बिल के भुगतान में कर रहे थे लापरवाही

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डोंगरगांव संभाग बिल बकायादारो के खिलाफ विशेष अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में बीते दिनों विभिन्न वितरण केन्द्रों के कनिष्ठ अभियंताओं ने मुख्यालयों में अभियान चलाते हुए 116 उपभोक्ता जिन पर बकाया 1.7 लाख था, की विद्युत लाईन विच्छेद किया। अन्य 86 उपभोक्ताओं से 10 लाख वसूल किया गया।

### हाफ का लाभ नहीं

उल्लेखनीय है कि शासन ने बिल हॉफ योजना उपभोक्ताओं के लिए शुरू किया है किन्तु लगातार 6 माह तक बिल का भुगतान नही करने पर बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ नहीं दिया जाता है। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि बिल का नियमित भुगतान करें ताकि 400 यूनिट तक का हॉफ बिल का लाभ मिलता रहे।

जानकारी के अनुसार निर्धारित अवधि पर बिल वितरण करने के बाद भी देयकों का भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही की जा रही है। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि विच्छेदन की कार्रवाई से बचने के लिए बिलों का भुगतान समय पर करे। कार्यपालन अभियंता पीसी साहू ने बताया कि सभी औद्योगिक, व्यवसायिक एवं अन्य प्रयाजनों के विरूद्ध बिजली बिल बकाया वसूली करने सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं की टीम गठित किया गया है। कंपनी का यह अभियान निरंतत जारी रहेगा।

**पाठक सूचना**
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

# संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

**डोंगरगढ़।** संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर नागसेन बुद्ध विहार में डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। भंते नागरत्न, भंते कुमार कश्यप ने संविधान की शपथ दिलाया। इस अवसर पर उपासक,उपासिकाओं ने समानता, न्याय, एकता एवं भाईचारा की मूल भावना से प्रेरित डॉ. आंबेडकर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया। इसके बाद तहसील प्रांगण में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भंते नागरत्न, भंते कुमार कश्यप के नेतृत्व में उपासक उपासिकाओ ने श्रद्धांजलि अर्पित कर संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इस मौके पर मुन्ना लाल नंदेश्वर ने कहा कि सभी को संविधान पर गर्व करना चाहिए। कार्यक्रम में धीरज मेश्राम, राजकुमार नंदेश्वर, दीपक ऊके, सिद्धार्थ नागदेवे, माया भास्कर,सरोज लांजेवार, किरण मेश्राम, चांदनी सहारे, रेखा सहारे, बबिता जनबंधु, सुदेश मेश्राम, विशाल टेंभुरकर, गौतम रामटेके आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**अर्जुनी।** संविधान दिवस के मौके पर स्थानीय नवीन महाविद्यालय में भारतीय संविधान पर व्याख्यान एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।





कार्यक्रम में प्राचार्य डां. अंजना ठाकुर, जनभागीदारी अध्यक्ष टामेश्वर साहू, सरपंच द्रोपति साहू, प्राथमिक- माध्यमिक विद्यालय का स्टाफ एवं छात्र छात्राएं शामिल हुए। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. श्रीमती ठाकुर ने संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। इस मौके पर संविधान के महत्व और उपयोगिता से अवगत कराया गया। इस दौरान बीए प्रथम की देव्यानी, बीएससी के मोहित, बीएससी की मनीषा, बीए प्रथम की बेनुका, बीकाम की अंजली निषाद, बीए द्वितीय के मुरली एवं प्रियंका आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सेवानिवृत्त शिक्षक अलखराम साहू ने संविधान के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। संचालन ओमप्रकाश सहारे ने किया।

### बच्चों को बताया अधिकार और कर्तव्य



**चिचोला।** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला बजरंगपुर में संविधान दिवस की 75वीं वर्षगाँठ मनाया गया। बच्चों को संविधान के प्रस्तावना, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों से अवगत कराया गया। बच्चों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रधानपाठक हेमलाल सहारे, प्रभारी प्रधानपाठक हुमनसिंह पिस्दा शिक्षक गजेंद्र चौधरी, कांति साहू एवं रामनारायण साहू उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खलिहान में रखी फसल खाक

**मुसराकला।** ग्राम कोलेन्द्रा के कृषक प्यारेलाल पिता उभेराम वर्मा के खलिहान में रखी लगभग 100 बोरा धान की फसल जलकर राख हो गई। बताया गया कि बीती रात अचानक लगी आग ने खलिहान में रखे धान के भारे को जलाकर राख में बदल दिया। आग इतनी तेजी से फैली किसी को बचाव का अवसर नहीं मिला। कृषक ने फायर ब्रिगेड को सूचना दिया और ग्रामीणों ने भी आग बुझाने की कोशिश की किंतु कामयाब नहीं हो सके। फसल जलकर राख होने के बाद आग पास में रखे पैरावट तक पहुंच गई। धान की मिजाई कर रखे पैरावट में लगी आग को फायर ब्रिगेड की सहायता से बुझाया गया। घटना से कृषक को बड़ा नुकसान हुआ है। कृषक ने शासन से मुआवजा देने की मांग की है।



### हैंडबॉल स्पर्धा में जिला एवं क्लब टीम का दबदबा



**राजनांदगांव।** अजीज पब्लिक स्कूल इंदामरा में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर हैंडबाल प्रतियोगिता 19 वर्ष बालिका में राजनांदगांव जिला एवं क्लब टीम का दबदबा रहा। प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिले की दोनों टीमों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया और प्रतियोगिता में आई बिलासपुर, रायपुर, धमतरी सहित अन्य टीमों से एक-एक कर सारे मैचों में जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला और फाइनल मैच दोनों लोकल टीम के बीच हुआ। यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा। जिसमें राजनांदगांव हैंडबॉल संघ की टीम ने अपना परचम लहराया। वहीं राजनांदगांव क्लब की टीम ने अपना कड़ा मुकाबला दर्ज किया। पदक प्राप्त दोनों टीमों का सम्मान करने राजनांदगांव जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, सचिव प्रिंस भाटिया, रेलवे की सीनियर खिलाड़ी शबनम अंसारी, कोच रजा कुरैशी, राजाराम, ओमन तंबोली, महेश अग्रवाल उपस्थित हुए और खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते शानदार प्रदर्शन बधाई दी।

### घुमंतू पशुओं को विस्थापित करना जरूरी : कलेक्टर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिपं के सभाकक्ष में नेशनल हाईवे एवं अन्य सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने घुमंतू पशुओं के व्यवस्थापन के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि हमें गौ सेवा करने बचपन से ही बताया जाता है और यह पुण्य का कार्य है। पशुओं के सड़कों पर विचरण एवं बैठने के कारण पधुधन और जनधन की हानि की संभावना बनी रहती है। इसके लिए हमें पशुओं को व्यवस्थित स्थान जहां पर चारा, पानी, छांव सभी प्रकार की व्यवस्था हो, ऐसे स्थानों पर विस्थापित करना होगा। कलेक्टर ने नेशनल हाईवे और अन्य सड़कों पर बैठने वाले मवेशियों की जानकारी दी। उन्होंने गौशाला संचालकों एवं पशुपालकों से चिन्हांकित घुमंतू पशुओं की व्यवस्थापन के संबंध में चर्चा की। गौशाला संचालकों एवं पशु पालकों को स्वेच्छा से घुमंतू पशुओं को रखने कहा। उन्होंने कहा कि गौसेवा बहुत पुण्य का कार्य है, इसे सेवाभाव से करना चाहिए। उन्होंने बताया कि गौशाला से पशुपालकों को स्वावलंबी बन सकते हैं। इससे गौमूत्र, कंडा, फिनाईल, धूपबत्ती जैसे कई प्रकार के उत्पाद बनाए जा सकते हैं। उन्होंने गौशाला संचालन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गौ पालकों को गौशाला संचालन की प्रक्रिया एवं पंजीयन के संबंध में भी जानकारी दी। कलेक्टर अग्रवाल ने सरपंच एवं सचिवों को मवेशियों के लिए अपने-अपने स्तर पर गांव में रखने के लिए व्यवस्था करने कहा। जिससे पशु सड़क पर नहीं बैठे। उन्होंने पशु आश्रय स्थल में पैरादान करने कहा। जिले के सभी पशु स्थलों में रखे मवेशियों की नियमित जांच कराने रोस्टर में डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने के निर्देश पशु विभाग के अधिकारियों को दिए। जिपं सीईओ सुरूचि सिंह ने सरपंच और सचिवों को ग्रामों में पशु आश्रय स्थल में पैरादान करने की व्यवस्था करने कहा।

### मामला ओपन होने के बाद अलग-अलग तरह की बयानबाजी

# जीएसटी बचाने दिया बिना नंबर वाला बिल, फर्म का शटर अब खुला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मार्च महीने में गोमास्ता पंजीयन और जीएसटी नंबर लेने के बाद भी बिना जीएसटी का उल्लेख किए भुगतान पाने वाले श्रीराम प्रिंटर्स की कलई खुलने के बाद अब फर्म भी ओपन हो गया है। बिना साइन बोर्ड लगाए गोमास्ता पंजीयन के दौरान मेन रोड खैरागढ़ के पते का उल्लेख करने वाले श्री राम प्रिंटर्स के संचालक ने बक्शी मार्ग में अब घर के नीचे टेबल कुर्सी और साइन बोर्ड लगाकर दुकान खोल लिया है। इस पूरी कवायद को फर्म संचालक द्वारा जीएसटी बचाने की कोशिश से जोड़कर देखा जा रहा है और अब मामला ओपन होने के बाद अलग-अलग तरह की बयानबाजी हो रही है।

श्रीराम प्रिंटर्स के नाम से स्टेशनरी सप्लाई और छपाई करने के बाद लाखों के भुगतान मामले में खरीदी करने और भुगतान करने वाले भी प्रथम दृष्टया बराबर के दोषी नजर आ रहे है क्योंकि गोमास्ता में जिस फर्म का पंजीयन है उसका पता मेन रोड खैरागढ़ है। भुगतान के लिए जो बिल दिया गया है उसमें मोबाइल नंबर फर्म संचालक दिनेश गुप्ता के साथ तुरकारी पारा पार्षद रेखा के पति विकेश गुप्ता है और किसी भी बिल में जीएसटी नंबर का उल्लेख नहीं है और बिल बनाने वाले की राइटिंग हूबहू पार्षद पति के लिखावट की तरह है। लाखों के स्टेशनरी सप्लाई और छपाई काम का यदि नपा से इतर अधिकारी से जांच कराया जाए तो कई मामले और खुल सकते है।

अब सवाल यह उठता है कि फर्म ने गोमास्ता लाइसेंस और जीएसटी नंबर लिया था तो उसकी हार्ड कापी नपा को क्यों नहीं दी। स्टेशनरी और छपाई काम को लेकर अपनी पुरानी दुकान और नए फर्म के साथ एक कोटेशन ही क्यो जमा किया। बिल में जीएसटी नंबर का उल्लेख क्यों नही किया और इन सबके बाद छोटे से छोटे बिल में जीएसटी नंबर की बारीकी से चेक करने वाले नपा के डीलिंग क्लर्क, लेखापाल और सीएमओ ने इस पर ध्यान क्यो नही दिया।

#### मांगा धोखे से लेटर पैड, बिना बताए भरा, संचालक ने किया इंकार

मामले को लेकर जल्द ही नपा प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलने की बात करते हुए विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा श्री राम प्रिंटर्स से विभिन्न प्रिंटिंग कार्य कराया गया और स्टेशनरी सामग्री खरीदी गई है जिसमे सारे नियमों को धता बताकर भाजपा पार्षद के देवर को फायदा पहुंचाया गया है। अगर दुकान का गोमास्ता पंजीयन था और उसे जीएसटी नंबर मिला हुआ था तो बिल में उसका उल्लेख क्यो नही किया गया। एकाध बार के मिस्टेक को नजरअंदाज किया भी जा सकता है, लेकिन अप्रैल महीने से स्टेशनरी सप्लाई हो रही थी तो सीएमओ प्रमोद शुक्ला, डीलिंग क्लर्क मनोज शुक्ला ने इस पर ध्यान क्यों नही दिया। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि 30 साल से भी ज्यादा समय से पार्षद पति विजय ऑफसेट प्रिंटिग प्रेस का संचालन करते आ रहे थे, लेकिन उसके समानांतर संस्था भाई दिनेश के नाम खोलकर वो कोटेशन प्रक्रिया मे कोरम पूरा करना चाहते थे। मनराखन देवांगन ने कहा कि कोटेशन प्रक्रिया में जिस कबीर प्रिंटिंग प्रेस के नाम से भाव पत्र भरा गया है उसके संचालक सियाराम साहू का कहना है कि उसने जीएसटी नंबर नही होने के कारण कभी भी सरकारी काम के लिए कोई आवेदन नही दिया है। विकेश गुप्ता उससे छै महीने पहले लेटर पैड लेकर गया था। उसे अभी पता चला कि उसके नाम से छपाई काम के लिए भाव पत्र जमा किया गया है। जिसमे लिखावट और हस्ताक्षर दोनों उसका नही है। मनराखन देवांगन ने कहा कि काम हथियाने की नीयत से पार्षद पति विकेश गुप्ता ने अपने पिता के नाम से संचालित फर्म, भाई के फर्म और बिना जानकारी दिए कबीर ऑफसेट के नाम से भाव पत्र जमा किया। उन्होंने पूरे मामले की नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव, संयुक्त संचालक और कलेक्टर से जांच की मांग करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# खसरा सत्यापन करने के निर्देश

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान खरीदी की व्यापक समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार अपने स्तर पर किसानों के खसरा का सत्यापन अविलंब करें। उन्होंने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे किसान जिन्होंने धान के बदले अन्य फसल लगाया हो, इसकी अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराए, जिससे अवैध रूप से धान की खरीदी न हो सके। ऐसे किसान के धान विक्रय करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। धान खरीदी में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए धान परिवहन पर नजर रखने के लिए सीमा पर नियमित जांच करने निर्देशित किया गया।

#### पात्र महिलाओं को करें लाभान्वित

कलेक्टर ने बैठक में महतारी वंदन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पात्र महिलाओं को योजनाओं से लाभान्वित करने निद्रेशित किया। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से गर्भवती महिलाओं के आंकड़े की जानकारी लेते हुए कहा है कि इन महिलाओं को योजना का लाभ मिले, इस हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में सभी पात्र हितग्राहियों का आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने लंबित अनुकंपा नियुक्ति एवं पेंशन प्रकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र निराकरण करें। ऐसे प्रकरणों में अनावश्यक विलंब करने पर नियमानुसार संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने कहा गया है। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# घोटिया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर छुरिया के ग्राम घोटिया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि शिविर में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर ग्राम घोटिया को एनीमिया मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया गया। स्वास्थ्य सुरक्षा, शिक्षा, संस्कार, सुपोषण अभियान के माध्यम से गांव को स्वस्थ बनाने एवं किशोरी बालिकाओं को समय-समय पर प्रशिक्षण देकर जागरूक करने कहा गया। जिससे मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु नहीं हो। साथ ही दादी-मां का बटुआ अर्थात रसोई में उपलब्ध वस्तुओं के आधार पर स्वस्थ रहने का नुस्खा भी बताया गया।



#### कई बीमारियों की जांच

कार्यक्रम में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, सिकल सेल, एनीमिया एवं अन्य स्वास्थ्य जांच की गई। जांच में 7 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन के 4 मरीज, 7 ग्राम हीमोग्लोबिन से अधिक 114 मरीज पाए गए। वहीं 10 ग्रामीणों की सिकलसेल जांच की गई, जो नेगेटिव पाया गया। बीपी के 25 मरीज एवं शुगर के 2 मरीज मिले। स्वास्थ्य शिविर में 260 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। जिसमें 35 पुरुष एवं 82 महिलाओं की जांच की गई। शिविर में स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार मरीजों को निःशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर खेलकूद, कुर्सी दौड़, मोमबत्ती दौड़ एवं अन्य खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के पर्यवेक्षक सुदेश कुमार टेंबुरकर, डागेश्वर राय, मुकेश गुनेंद्र, ब्लॉक समन्वयक अनीता ध्रुव, मितानिन प्रेरक भैरव निर्मलकर, पार्वती मांडवी, भारती सिन्हा एवं संकुल की सभी मितानिनों, ग्राम के पटेल रेखाराम यादव, ईश्वर, दिलीप मांडवी, दिनेश मांडवी, अमेरिकाबाई, पीतांबर एवं ग्राम के पटवारी तथा सचिव सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढारा

कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ नेतराम नवरत्न के मार्गदर्शन में जनजाती समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के लिए डोंगरगढ़ विकासखंड के जनजातीय ग्रामों का चयन किया गया है।

इन ग्रामों में किशोरी बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत शिवपुरी के आश्रित ग्राम बाकलेडी मे जनजाती गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। बीएमओ बीपी एक्का एवं बीपीएम मुक्त के निर्देश पर आयुष्मान कार्ड महाअभियान के तहत 45 हितग्राहियों को चिन्हित किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के दल ने हीमोग्लोबिन, कुपोषण, टीवी, मोतियाबिंद एवं अन्य बीमारियों की जांच किया।



#### 100 लोगों का किया गया था पंजीयन

डीपीएम संदीप ताम्रकार ने बताया कि किशोरी बालिकाओं को सुग्घर नोंनी बनाने की दिशा में कैंप का प्रथम चरण है। जिला नोडल अनिल श्रीवास्तव की उपस्थिति में अनुवर्ती प्रयास की योजना बनाई गई, जिसके तहत सशक्त, समृद्ध, स्वस्थ एवं सुरक्षित मातृत्व शक्ति निर्माण करने के लिए खेल एवं व्यायाम से भावनात्मक अनुभव कराया गया। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि इस कैंप में 100 लोगों का पंजीयन किया गया। जांच के दौरान मोतियाबिंद के 10, सिकलसेल 15, हीमोग्लोबिन 93, टीवी 5, बीपी 45, शुगर के 30 लोगों की जांच की गई । इस मौके पर अनिता धुर्वे, रेखा पटेल, डॉगेश्वर राय, कलेश्वरी कंवर, शीला यादव, सुभद्रा धुर्वे, सुदेश टेंबुरकर, सरिता खंडेलवाल मौजूद थे।

# विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने डोंगरगढ़ स्थित नवोदय विद्यालय में निर्मित मैथ्स गार्डन का अवलोकन किया। शाला प्राचार्य शैलजा नायर के मार्गदर्शन में यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। जिसमें कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों का लगभग 100 बच्चों का दल शामिल था।

इस अवसर पर शाला प्राचार्य शैलजा नायर ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए यह भ्रमण काफी ज्ञानवर्धक एवं रोमांचपूर्ण रहा।

जिसमें बच्चे गणित जैसे महत्वपूर्ण विषय को आसानी से सीख व समझ सकते हैं। बच्चे इस विषय में रूचि लेकर इसमें दक्षता हासिल कर सकते हैं।

इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।



#### सराहनीय प्रयास

शैक्षणिक स्तर पर यह प्रयास सराहनीय है। सभी विद्यार्थियों को इसका लाभ लेना चाहिए। शाला के विद्यार्थियों ने इसका भरपूर लाभ उठाया। नवोदय विद्यालय की टीम का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। प्रश्नों का समाधान भी प्राप्त हुआ। प्राचार्य द्वारा सहयोग हेतु डोंगरगढ़ नवोदय विद्यालय एवं स्टॉफ का आभार व्यक्त किया गया। ज्ञात हो कि इस पार्क की अवधारणा में डोंगरगढ़ नवोदय विद्यालय के भूतपूर्व छात्र दिलराज एवं उनकी टीम के साथ एचओडी मैथ्स अशोक कुमार बिसेन एवं व्याख्यता स्नेह अग्रवाल का विशेष योगदान रहा है।

### मनाया मितानिन दिवस

**राजनांदगांव।** इंदिरा सरोवर के पास स्थित वार्ड क्र. 28 तिलक वार्ड के सामुदायिक भवन में 23 नवंबर को मितानिन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरोज गिरिपुंजे एवं सुमित्रा श्रीवास मितानिन का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु व अध्यक्षता पार्षद राजेश जैन रानू ने की । इस अवसर पर राजेश बिसने, नादान सेन, राहुल सोनपिपरे, व्यंकटेश, ज्योति सहारे, गीता विश्वकर्मा, माया समरीत, शीला हेड़ाऊ, रेणु ठावरे, कनक परमार, दक्षा परमार, रंजना सिमनकर, गंगाबाई ठिठोरे, बिम्लेश्वरी धर्मी, मोहनी गर्ग, गीता लीलहारे, संतोषी यादव, दुलारी यादव, सुमन देवांगन एवं वार्डवासी उपस्थित रहे। मंच संचालन राजेश बिसने एवं आभार प्रदर्शन राहुल सोनपिपरे ने किया। उक्त जानकारी पार्षद राजेश जैन ने दी।

# आयुक्त ने चौपाटी, पुष्पवाटिका का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तकनीकी अधिकारियों के साथ पुष्पवाटिका व आनंद वाटिका एवं चौपाटी का निरीक्षण कर तीनों उद्यान में आवश्यक मरम्मत तथा साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके द्वारा एसएलआरएम सेंटर का भी निरीक्षण कर सुपरवाईजर से जानकारी ली।

पुष्पवाटिका एवं आनंद वाटिका निरीक्षण के दौरान आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि दोनों उद्यान में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करें तथा ट्वाय-ट्रेन मरम्मत, जीम उपकरण का मरम्मत करने के अलावा अन्य आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त कर वाटिका को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चौपाटी में बनने वाले आकांक्षीय शौचालय को पुष्पवाटिका के पिछला हिस्सा में बनाने तैयारी करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि दोनों वाटिका शहर के नागरिकों के भ्रमण, व्यायाम एवं मनोरंजन का बहुत अच्छा स्थल है, जिसे ध्यान में रखकर वाटिका को व्यवस्थित किया जाए। इसी प्रकार उन्होंने चौपाटी का निरीक्षण कर चौपाटी के झूले, लाईट आदि ठीक करने कहा तथा कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा से बोट की जानकारी लेकर नए बोट खरीदने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। चौपाटी के आसपास स्थाई रूप से ठेला लगाने वाले को हटवाकर मोबाइल ठेला लगाने समझाईस देने उनके द्वारा कहा गया। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को उद्यान एवं उसके आसपास साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता तिलक राज धुव, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, मिशन क्लीन सिटी सह. प्रभारी पवन कुर्रे, उद्यान सह.प्रभारी दिलीप गिरी, विद्युत सह.प्रभारी किशन गावरे उपस्थित थे।



#### जानकारी ली

आयुक्त विश्वकर्मा ने एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर सेंटर की व्यवस्था तथा कचरा पृथककरण की सेंटर सुपरवाईजर से जानकारी ली। उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की जानकारी लेकर घर से ही गीला-सूखा अलग-अलग कचरा लेने, शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली के अलावा सेन्टर में साफ-सफाई रखने के निर्देश सेंटर सुपरवाईजर को दिए।

### कैडेट्स ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया

# कॉलेज के कैडेट्स ने मनाया एनसीसी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन में 25 नवम्बर को एनसीसी दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि रानी सुर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेंद्र शर्मा थे। अध्यक्षता सहायक प्राध्यापक डॉ. आरआर कोचे ने की।

विशिष्ट अतिथि जीके यादव, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एचआर पदमे थे। एनसीसी कैडेट जूनियर अंडर आफिसर खुशी महोबिया ने परेड का निरीक्षण करवाया। इस मौके पर मार्चपास्ट के बाद कैडेट्स ने भाषण, देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।



मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने बताया कि वह भी अध्ययनकाल में एनसीसी कैडेट थे। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को एकता और अनुशासन की परिभाषा एवं सामाजिक और राष्ट्र जीवन में महत्व को बताया। अध्यक्षता कर रहे डॉ. कोचे ने कहा कि एनसीसी कैडेट होना अपने आप में गर्व की बात है। एनसीसी अधिकारी गुलशन सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रथम महिला आईएएस अधिकारी किरण बेदी केडेट रहे हैं। अंत में मुख्य अतिथि डॉ.शर्मा को सम्मानित किया गया। एनसीसी गतिविधियों में विशेष सेवा एवं सहयोग करने वाले कैडेट्स को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी डॉ.एमएल नंदेश्वर, प्राध्यापक नीलम चतुर्वेदी, डॉ.नीता राजपूत, डॉ. येशुक्रिती, एवलाल मेश्राम, डॉ. सपना परिहार, डॉ. नौशीन अंजुम, अनिमा मिंज, मनीषा भेडिया, अंजलि देवांगन, मंजू धनकर सहित अन्य शामिल हुए। संचालन एनसीसी अधिकारी गुलशन सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन जीके यादव ने किया।

# बच्चों ने रंगोली से प्रदर्शित किया सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरगी

ग्राम में गत दिनों रंगारंग बालमेला का आयोजन किया गया। बाल मेला में 6 से 12 कक्षा के बच्चों ने विभिन्न स्टॉल लगाए थे। उच्चतर माध्यमिक शाला के बच्चों ने अपनी अपनी कक्षा को सजाया और विज्ञान के बच्चों ने विभिन्न मॉडल बनाए।

इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें मुख्य आकर्षण 12 कक्षा साइंस के बच्चों ने सभी विषयों के सूत्र को रंगोली से प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल थे। अध्यक्षता शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुकृत दास साहू ने की। विशेष अतिथि कोमल सिंह राजपूत, लीलाधर साहू, सरपंच आनंद साहू, गुरुचरण सिन्हा, शनि साहू, घनश्याम साहू, नारद साहू, गज्जू साहू, होमन निषाद, पवन साहू, खिलेश्वर साहू, तेजप्रकाश सिन्हा, कुशाल प्रसाद साहू, याशिका साहू, रुखमनी साहू, जसवंत साहू, जीवन साहू, कोमिन साहू, त्रिलोकचंद पारख, देवेंद्र जैन, चंद्रप्रकाश थे। कार्यक्रम में प्राचार्य एनके साहू, व्याख्याता योगेश गौतम, बसंती शर्मा, दिनेश सिन्हा, वंदना देवांगन, चारुलता भौतमांगे, हेमलता साहू, स्मिता मिश्रा, किरण साहू, गीतांजलि साहू, चित्रलेखा साहू, नीरा ठाकुर, वीरेन्द्र टेम्भुरकर, सुशील नारायण शर्मा, अरुणा साहू, देवेंद मंडावी, बलराम आर्य, शिवम झा, पंकज चंदेल, क्षत्रपाल देशमुख, देवेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।



## सार समाचार

### फुटबॉल स्पर्धा में वाइडनर स्कूल के प्रखर का चयन



**राजनांदगांव।** वाईडनर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल राजनांदगांव के कक्षा 11वीं के छात्र प्रखर सिंह राजपूत का चयन अंडर-17 राष्ट्रीय स्तर फुटबॉल स्पर्धा में हुआ। श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में आयोजित यह स्पर्धा राष्ट्र स्तर पर होने वाली है। जिसमें वाइडनर स्कूल के कक्षा 11वीं का छात्र प्रखर छत्तीसगढ़ की तरफ से प्रतिनिधित्व करेगा, जो कि जिले और शाला के लिए हर्ष की बात है। प्रखर के मेहनत, हुनर और लगन को देखते इसका चयन छत्तीसगढ़ टीम में हुआ।

इसके लिए शाला के मैनेजर फॉदर जोसफ राज, प्राचार्य फॉदर टी अमलसीलन और शाला परिवार ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते बधाई दी। प्रखर कल 27 नवंबर को छत्तीसगढ़ की टीम की ओर से प्रतिनिधित्व करने श्रीनगर रवाना होगा। यह जानकारी वाइडनर स्कूल के खेल शिक्षक डेनियल फ्रांसिस ने दी।

### किसान ड्रोन से कर रहे है कीटनाशक का छिड़काव

**राजनांदगांव।** कृषि रावे विद्यार्थियों द्वारा किसानों के साथ मिलकर 20 नवम्बर को ग्राम धामसरा में किसान रमेश कुमार पटेल के धान के खेत में कटवा



किट के बचाव हेतु ड्रोन से किट नाशक (क्लोरोपीराफोस 40% EC, प्रोफेनोफोस 40% EC) 320 मिलिलीटर / एकड़ कि दर से ड्रोन में 10 लीटर घोल बनाकर कीटनाशक का चिड़काव किया गया।

इस दौरान पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुशाधन केंद्र सुरगी के रावे विधर्थियों मनु कुमार, मनीष जघेंल, नवीन शर्मा, ओमप्रकाश, रोहित,सुखदेव वर्मा, स्वाति, संध्या, सौम्या, सत्यप्रकाश, सत्यम, संजय, शिवांगीभगत, मीनाक्षी, रामलाल का विशेष योगदान रहा। कटुआ इसे सैनिक कीट या फौजी कीट भी कहा जाता है, इस कीट की इल्ली अवस्था फसल को नुकसान पहुंचाती हैं।

पूर्ण विकसित इल्ली गहरे भूरे रंग की व 30-40 मिमी लंबी होती है तथा ये समूह में चलते हैं। यह कीट थरहा अवस्था में पत्तियों को व बाली अवस्था में बालियों को काटकर खेत में गिरा देते हैं। इसके नियंत्रण हेतु एसीफेट 50 डब्ल्यूपी 1.2 किलो या फिपरोनिल 5 एसपी 1 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।

### सहायक आयुक्त का सम्मान आज

**राजनांदगांव।** ईपीएस-95 पेंशनर को साल में एक बार जीवित डिजिटल प्रमाण पत्र देने के लिए कल 27 नवंबर को सुबह 10.30 से शाम 5 बजे तक सामुदायिक भवन लेबर कालोनी तुलसीपुर में शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में समस्त पेंशनरों की उपस्थिति में ईपीएफओ पेंशन कार्यालय के अधिकारी सुरेश ठाकुर का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में समस्त पेंशनरों की उपस्थिति में ईपीएफओ पेंशन कार्यालय के अधिकारी सुरेश ठाकुर जिनका प्रमोशन सहायक आयुक्त (भविष्य निधि) रायपुर हुआ है, का सम्मान किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा उक्त आयोजन में अपनी उपस्थिति प्रदान करने पेंशनरों से अपील की गई है। यह जानकारी मोहम्मद फारूक सचिव ईपीएस-95 पेंशनर राष्ट्रीय संघर्ष समिति/ एनएसी, जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ दी गई।

### दीपावली मिलन समारोह आयोजित

**राजनांदगांव।** प्रिंट मीडिया एंड वेब पोर्टल वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 24 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन पुष्पवाटिका योगा हॉल में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम भगवान श्री नारद एवं माता सरस्वती के तैलचित्र



पर माल्यार्पण एवं दीप पूजन से प्रारंभ किया गया। संस्था अध्यक्ष शेखर यादव ने दीपावली मिलन अवसर पर कहा कि सभी पत्रकार एकजुट होकर एक-दूसरे की मदद करते आगे बढ़े। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने संगठन को आगे बढ़ने और कार्य करने हेतु प्रोत्साहन करते दीपावली मिलन पर बधाई दी। इस अवसर पर शरद तिवारी, कमलेश स्वर्णकार, खेमराज वर्मा, कमल सोनी, शुभम उपाध्याय, दीपक साहू, राजू सोनी, तुलसी साहू, मो. अरसद कुरैशी, दीपक यादव, योगेश सोनी, राजू गुप्ता, दिनेश नामदेव, सतीश गुप्ता, सौरभ ताम्रकार, सुरेन्द्र गुप्ता, शशि देवांगन, किशोर गुप्ता, महादेव चंदेल, रेखा सावरकर, शमशाद बानो, किरण सुलेमान, महेश्वर साहू, राजेश चौथवानी, संजय सोनी, गौतम कोटडिया, सतीश धीवर, मनोज देवांगन, दीपक यादव, महेन्द्र शुक्ला, मनोज राठौर, हमीदा कुरैशी, नीलम सोनी एवं संगठन के उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, सचिव तरूण सोनी, कोषाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, मीडिया प्रभारी विवेकानंद देवांगन, सदस्य नीतिन हिवरेकर, उत्तम कोसरिया, प्रवीण यादव, संतोष सहारे, आशीष साहू सभी ने आभार व्यक्त किया। आयोजन से जुड़े लोगो ने उपस्थिति के लिए लोगो का आभार भी व्यक्त किया है।

### सम्मेलन में सामाजिक दर्पण पत्रिका का विमोचन

**राजनांदगांव।** जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सामाजिक दर्पण पत्रिका के विमोचन कार्यक्रम में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। विधायक श्री साहू सफल आयोजन के लिए जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू, नीरा साहू, शैलेन्द्र साहू उपाध्यक्ष, नोबल साहू कोषाध्यक्ष, नीलमणी साहू महामंत्री एवं जिला साहू संघ, महिला प्रकोष्ठ नगर साहू संघ, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ नगर साहू संघ, अधिवक्ता प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ एवं साहू संघ के अन्य प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों व प्रतिभागियों तथा समाज के लोगों को शुभकामनाएं दी।

### समापन पर गायत्री विद्यापीठ की शानदार प्रस्तुति



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ का राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर शानदार प्रस्तुति रही। यह आयोजन दिग्विजय स्टेडियम में किया गया, जहां विभिन्न राज्यों की प्रतिभागी टीमों ने भाग लेकर खेल का प्रदर्शन किया। शाला की योग शिक्षिका भारती साहू के निर्देशन में विद्यार्थियों ने अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

## ममतानगर से मोतीपुर रोड में बढ़ा यातायात का दबाव

# अंडरब्रिज की सड़क गड्ढों में तब्दील, आए दिन दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के ममता नगर से मोतीपुर की ओर जाने वाले अंडरब्रिज मार्ग का हाल-बेहाल हो चुका है।जिससे दुर्घटनाओं की आशंका है। पूर्व में उक्त मार्ग पर दुर्घटनाएं भी हो चुकी है।

ज्ञात हो कि शहर के ममता नगर से मोतीपुर की ओर जाने वाले मार्ग के अंडरब्रिज की दोनों छोर में छोटे-बड़े गड्ढे उभर आए हैं। जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उक्त मार्ग से बड़ी संख्या में शहरी सहित ग्रामीणों का आवागमन बना रहता है। जिसके चलते दिनभर उक्त मार्ग में यातायात का दबाव बना रहता है।



#### आए दिन जाम की स्थिति

इधर उक्त मार्ग में लगातार बढ़ रहे यातायात दबाव के चलते ममता नगर क्षेत्र में आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। जिससे क्षेत्र के रहवासियों के अलावा आसपास के व्यवसायियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर भारी वाहनों की आवाजाही के चलते जाम की स्थिति निर्मित होती है। उक्त मार्ग में शाम एवं सुबह के समय आवागमन करने वालों की संख्या अधिक होती है। बड़ी संख्या में ग्रामीण इस मार्ग से ही शहर से गांव आवागमन करते हैं। भारी वाहनों के चलते जाम होने की स्थिति में उन्हें आए दिन परेशान होना पड़ता है।

#### गड्ढों में फिसल रहे वाहन चालक

उक्त मार्ग में हल्की एवं भारी वाहनों की आवाजाही के अलावा अन्य वाहनों से भी लोग आवागमन करते हैं, लेकिन उक्त सड़क के दोनों ओर छोटे-बड़े गड्ढों के चलते लोगों को हलाकान होना पड़ जाता है। बताया गया कि पूर्व में उक्त मार्ग में दुर्घटनाएं हो भी चुकी है। उक्त मार्ग का मरम्मत कार्य किए जाने हेतु संबंधित विभाग का ध्यानाकर्षण भी लोगों ने कराया है। वहीं अंडरब्रिज के नीचे मार्ग हमेशा गीला रहता है। जिससे वाहन चालकों को फिसलने का भय बना रहता है।

## पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी ने बाइक सवार युवकों को मारी ठोकर

### एक की मौत, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजनांदगांव-कवर्धा मेन रोड में शहर से दो किमी आगे कवर्धा रोड पर जयराम तालाब पिपरिया के पास गंडई पुलिस पेट्रोलिंग वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को बुरी तरह रौंद दिया।



ठोकर से बाइक सवार युवक दूर जा गिरे। जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा युवक बुरी तरह घायल हो गया, जिसे सिविल अस्पताल लाया गया। घायल युवक का नाम अटल आवास निवासी समीर पिता इस्माईल खान है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। जबकि मृत युवक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। घटना की जानकारी बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत युवक के शव को शिनाख्तगी के लिए मरच्युरी में रखवा दिया है। वहीं अटल आवास वासियों की नाराजगी को देखते रक्षित केंद्र से बल बुला लिया है। पता चला है कि गंडई पुलिस वाहन किसी आपराधिक मामले के मुल्जिम को डोंगरगढ़ जेल दाखिला कर वापस लौट रही थी और गंडई लौटते पिपरिया के पास हादसा हो गया।

### संविधान दिवस पर दिलाई शपथ

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने महाविद्यालय स्टॉफ एवं महाविद्यालय की छात्राओं को संविधान दिवस पर शपथ दिलाई।



## राशन दुकान में अनियमितता

**राजनांदगांव।** जिले के तुमड़ीबोड़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोपेडीह में संचालित राशन दुकान में अनियमित के मामले को लेकर गांव के सरपंच ने ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर शिकायत करते जांच की मांग की है। ग्राम कोपेडीह के सरपंच बीनाधर वर्मा का कहना है कि लगभग 20-25 वर्ष से यहां राशन दुकान का संचालन ज्योति इंदिरा महिला स्वयं सहायता समूह को दिया गया है, लेकिन राशन दुकान केवल वर्मा द्वारा संचालित किया जा रहा है। सरपंच ने कहा कि राशन दुकान में कई अनियमितताएं है। यहां मृत व्यक्तियों के नाम से भी राशन निकाला जा रहा है।

#### राशन नहीं देने की शिकायत

ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे सरपंच ने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि राशन दुकान में 1 से 10 तारीख तक राशन ले जाना अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं 11 तारीख को कोई व्यक्ति अगर राशन लेने जाता है तो उसे लौटा दिया जाता है। उन्होंने कहा है कि ऐसे में चावल कहां जाता है, इसकी जांच होनी चाहिए।

#### कलेक्टर से जांच की मांग

महिला समूह के नाम से आवंटित इस राशन दुकान का अन्य व्यक्ति द्वारा संचालन किए जाने और लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर अनियमितता की जांच किए जाने की मांग कलेक्टर से की गई है।

## तिलईरवार से फायरिंग जोन को शिफ्ट करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला मुख्यालय से लगभग 25 किमी दूर ग्राम तिलईरवार में पुलिस जवानों के ट्रेनिंग हेतु बनाए गए फायरिंग रेंज बस्ती के समीप होने से यहां हादसे होते हैं। कुछ वर्षों पूर्व इस फायरिंग रेंज में गांव के दो व्यक्तियों की मौत हो गई थी। वहीं बीते कुछ महीने पहले एक बालक भी घायल हुआ था। इस फायरिंग रेंज को गांव के समीप से हटाने की मांग को लेकर अब ग्रामीण एकजुट होने लगे हैं और प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से यहां से फायरिंग रेंज को अन्य जगह स्थानांतरित किए जाने की मांग की है।

फायरिंग रेंज बस्ती से बहुत पास होने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं होने के कारण ग्रामीणों के साथ कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। बीते कुछ महीनों पहले ही जवानों की ट्रेनिंग के दौरान ट्रेनिंग जोन में जिंदा बम छूट जाने से गांव के बच्चे के साथ दुर्घटना हो गई थी। जिसके कारण बच्चे को अपना हाथ गंवाना पड़ गया।

#### गांव में गिरा था बम

प्रशासन को ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि फायरिंग जोन से जिंदा बम बस्ती में भी आ गिरा था। गनीमत रही कि ग्रामीणों की सूझबूझ से दुर्घटना नहीं हुई।

#### फायरिंग रेंज बंद करने की मांग

लगातार दुर्घटनाओं को देखते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि फायरिंग रेंज को तिलईरवार से बंद कर किसी दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाए।



#### दो लोगों की हुई थी मौत

टप्पा क्षेत्र के तिलईरवार के फायरिंग जोन में एक रॉकेट लांचर का बम नहीं फटने के चलते इस बम को कौतूहल के चलते फोड़ने की वजह से 2 लोगों की जान जा चुकी है।

#### शिवसेना के साथ ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन सौंपने के दौरान तिलईरवार के ग्रामीणों के साथ गांव के सरपंच, शिवसेना प्रदेश सचिव कमल सोनी, शिवसेना के मनीष तिवारी आदि ने तिलईरवार के बालक लक्ष्य के साथ हुई दुर्घटना के बाद उसके मुआवजे सहित फायरिंग जोन को स्थानांतरित करने की मांग की है।

#### महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश क्षेत्र से भी आते हैं जवान

तिलईरवार के इस फायरिंग रेंज में अभ्यास करने के लिए राजनांदगांव सहित सीमावर्ती महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से भी सुरक्षा बल के जवान पहुंचते हैं। कई बार जवानों द्वारा इस क्षेत्र में अभ्यास किए जाने को लेकर मुनादी नहीं कराई जाती है। जिसके चलते ग्रामीण फायरिंग रेंज तक पहुंच जाते हैं। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। वहीं जिंदा बम छोड़ दिए जाने से भी ग्रामीणों की जान पर बनी रहती है।

## पशु चिकित्सालय में अधिकारियों का कार्य विभाजन

**राजनांदगांव।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ.अनुप चटर्जी द्वारा कार्य विभाजन आदेश के तहत कार्य की सुविधा को दृष्टिगत रखते स्थानीय वैकल्पिक व्यवस्था के चलते विभागीय अधिकारियों को आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से कार्य सम्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसमें डॉ. रजनीश अग्रवाल अतिरिक्त उप संचालक जिला पशु चिकित्सालय को जिला रोग अन्वेषण प्रयोगशाला में आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से स्थानांतरित किया गया है। वहीं उनका जिला पशु रोगी कल्याण समिति का प्रभार यथावत रखा गया है। इसके अलावा प्रभारी डॉ. रजनीश अग्रवाल अतिरिक्त उप संचालक जिला पशु चिकित्सालय, डॉ. तरूण कुमार रामटेके पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ जिला रोग अन्वेषण प्रयोग शाला को जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव का प्रभार सौपा गया है। डॉ. तरूण कुमार रामटेके पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ जिला रोग अनुप्रयोग शाला को आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से जिला पशु चिकित्सालय का कार्य संपादित करते संस्था प्रभारी के संपूर्ण दायित्वों का भी निर्वहन करेंगे। वहीं डॉ. रामटेके जिला रोग अन्वेषण प्रयोग शाला का सम्पूर्ण प्रभार, डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ जिला रोग अनु.प्रयोगशाला को दिया गया है।

## भर्ती में शामिल होने परिवहन सुविधा की मांग

**राजनांदगांव।** आगामी दिनों रायगढ़ जिले में आयोजित अग्निवीर भर्ती परीक्षा में शामिल होने जाने वाले परीक्षार्थियों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को रायगढ़ जाने हेतु परिवहन सुविधा दिए जाने की मांग की है।

अग्निवीर भर्ती के लिए तैयारी कर रहे युवाओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि आगामी 10 और 11 नवंबर को अग्निवीर भर्ती परीक्षा के लिए उन्हें रायगढ़ जाना है। इस डेट पर ट्रेनों में सीट नहीं मिल रही है। उन्होंने मांग की है कि उनके लिए प्रशासनिक स्तर पर परिवहन सुविधा राजनांदगांव से रायगढ़ जाने हेतु उपलब्ध कराई जाए।

#### बस सुविधा देने की मांग

अग्निवीर भर्ती परीक्षा में शामिल होने जाने वाले यश कुमार साहू ने कहा कि हम अग्निवीर भर्ती के लिए पात्र हुए हैं और रायगढ़ जिले में आयोजित भर्ती प्रक्रिया में दक्षता परीक्षा के लिए जाना है। उन्होंने कहा कि 8 और 9 तारीख को ट्रेनों में सीट नहीं मिल रही है। सभी युवा प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि रायगढ़ तक जाने बस सुविधा दी जाए।



#### दमखम के साथ तैयारी

राजनांदगांव शहर सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में युवा अग्निवीर भर्ती परीक्षा के लिए रोजाना अभ्यास कर अपनी तैयारी पूरी की है। शहर के मोहरा क्षेत्र और पीटीएस ग्राउंड में भी युवाओं ने अग्निवीर भर्ती परीक्षा को लेकर काफी दमखम के साथ अपनी तैयारी की हुई है। वहीं अब इस भर्ती परीक्षा में शामिल होने रायगढ़ जिले तक जाने के लिए युवाओं को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते उन्होंने परिवहन सुविधा दिए जाने की मांग की है।

#### प्रशासनिक स्तर पर सुविधा की मांग

युवाओं ने कहा कि पिछले वर्ष फिजिकल के लिए जाने वाले परीक्षार्थियों हेतु दुर्ग, भिलाई, रायपुर से बस सुविधा दी गई थी। इसी तर्ज पर राजनांदगांव से भी अभ्यर्थियों के लिए प्रशासनिक स्तर पर सुविधा दी जानी चाहिए।

### वृद्ध से नकदी की उठाईगिरी

**राजनांदगांव।** बैंक से पैसा निकालकर गिन रहे वृद्ध से अज्ञात आरोपी ने नगदी रकम पर हाथ की सफाई कर दी। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत जिला सहकारी बैंक एलबी नगर में एक वृद्ध अपने खाते से राशि निकालने दोपहर के समय आया था, जब वह बैंक से राशि निकालकर गिन रहा था, इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और उसके नोट को गिनने के बहाने कुछ नगदी रकम पर हाथ साफ कर दिया। शेष राशि बुजुर्ग को दे दी, जब इस बात की भनक बुजुर्ग को लगी तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।












## बैठक: सड़क सुरक्षा के लिए जन-जागरुकता अभियान चलाने पर जोर

# धान खरीदी, जल जीवन मिशन व हिट एंड रन मामलों पर कलेक्टर की सख्ती

- श्रमिक पंजीयन के लिए शिविर आयोजित करना और प्रचार- प्रसार बढ़ाना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समय-सीमा की बैठक में जिले के विभिन्न अहम विषयों पर गहन समीक्षा की। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के धान खरीदी, जल जीवन मिशन की प्रगति, हिट एंड रन मामलों के निराकरण और अन्य विकास कार्यों पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौडो सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर और जिला स्तरीय स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक 11042 पंजीकृत किसानों से 5,48,870.40 क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है। 27 नवंबर को 108 खरीदी केंद्रों में 2868 टोकनों 1288 समितियों द्वारा जारी और 1580 टोकन तुहार हाथ ऐप के माध्यम से के माध्यम से 133301.60 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य है। कलेक्टर ने सेवा सहकारी समितियों और स्व सहायता समूहों को पीडीएस बारदाना की आपूर्ति 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए वहीं ग्राम उसलापुर बाईपास मार्ग और अन्य लंबित भू-अर्जन मामलों का शीघ्र निपटाने साथ ही साथ मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत मिनी स्टेडियम निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित करना एवं किसानों द्वारा प्रदाय किए गए जूट बारदाने पर 25 रूपए प्रति नग का भुगतान होगा।

### जल जीवन मिशन में लंबित कार्यों पर जताई कड़ी नाराजगी



कलेक्टर श्री वर्मा ने जल जीवन मिशन के तहत 51 लंबित कार्यों को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने ठेकेदारों को एक सप्ताह में कार्य शुरू करने का अल्टीमेटम दिया। बैठक में पीएचई कार्यपालन अभियंता श्री राजपूत ने बताया कि 19 स्थलों पर ग्राम पंचायतों की आपत्तियों के कारण पानी टंकी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। कलेक्टर ने स्थल विवादों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

### हिट एंड रन मामलों को त्वरित निपटाने सुनिश्चित करें

बैठक में हिट एंड रन मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बताया कि जिले में ऐसे कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन प्रकरणों को क्लेम इनक्वायरी अधिकारी, एसडीएम को भेजा गया है। अब तक 2 मामलों में निर्णय ऑर्डर जारी हो चुका है जबकि 6 प्रकरण ऑर्डर के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने संबंधित एसडीएम को सभी मामलों को शीघ्र निपटाने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### आयुष्मान कार्ड अभियान व जन औषधि केंद्र खोलने के निर्देश

कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों को आयुष्मान योजना से जोड़ने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों के माध्यम से अभियान चलाने का निर्देश दिया। ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण देकर इन्हें आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। साथ ही सहसपुर लोहारा, पिपरिया, बोड़ला और कुई कुकदूर में जन औषधि केंद्र खोलने की प्रक्रिया तेज करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी योजनाओं और परियोजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा में होना चाहिए ताकि जिले के नागरिकों को अधिकतम लाभ मिल सके।

# विधायक ने कुई-कुकदुर क्षेत्र का दौरा व क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदुर



पंडरिया विधानसभा के आदिवासी बाहुल्य एवं वनांचल क्षेत्र कुई-कुकदुर में क्षेत्रवासियों से भेंट कर विधायक श्रीमती भावना बोहरा नें होने वाले विकास कार्यों तथा सभी विभाग से जुड़े प्रमुख विषयों व मुद्दों पर परिचर्चा की गई।

इस दौरान शासकीय विद्यालयों और विशेष पिछड़ी जनजाति बालिका छात्रावास भवन का भी निरीक्षण किया साथ ही साथ शिक्षा एवं छात्र-छात्राओं हेतु सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार में हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों को विकसित बनाने के लिए हम एक उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रहें हैं। आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को समुचित शिक्षा, जनता को बेहतर सुविधा एवं सुरक्षा तथा विकास कार्यों के माध्यम से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए हमारा प्रयास निरंतर जारी है।

## सिलाई प्रशिक्षण केंद्र रबेली में दो महीने का प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** शिक्षा और प्रबंधन का आश्वासन महाविद्यालय प्रशिक्षण केंद्र रबेली में दो महीने का प्रशिक्षण शिविर दिया गया, जिसमें प्रशिक्षण केंद्र के चेयरमैन प्रेम निराला व प्रशिक्षण केंद्र सुपरवाइजर अनंत कुर्रे व प्रशिक्षण शिक्षक मिस्टर अनिल कुमार के साथ ग्राम पंचायत रबेली सरपंच दिनेश साहू के उपस्थिति में सभी प्रशिक्षण केंद्र के छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। जिसमें सिलाई प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्रतिमा चतुर्वेदी, द्वितीय स्थान श्रीमती सुलोचना साहू व तृतीय स्थान सुमन साहू तथा कम्प्यूटर प्रशिक्षण में प्रथम प्रीति भास्कर, द्वितीय मनीषा साहू व तृतीय त्रिवेणी टंडन इनके साथ ही साथ प्रशिक्षण केंद्र रबेली के सभी छात्र-छात्राओं को सकुशल प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें शिक्षा और प्रबंधन का आश्वासन महाविद्यालय के सभी कर्मचारी की ओर से बधाई व सभी छात्राओं को उज्जवल भविष्य कामना की।

## खबर संक्षेप

### जनजातीय गौरव पखवाड़ा का आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय महाराजपुर कवर्धा में जनजातिय गौरव पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें जनजातिय गौरव पखवाड़े का आगाज भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र में विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। उन्होने उद्बोधन में कहा कि आदिवासी लोक जीवन ही सच्चें अर्थों में प्राचीन संस्कृति के वाहन है। हमें उनकी जीवन शैली से प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रकृति की गोद में निश्छल बच्चों की तरह अपने अस्तित्व की लड़ाई में उन्होने अंग्रेजी सल्तनत से डटकर लोहा लिया।

### क्षेत्र में लहलहा रही अरहर की फसल

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले सहित ग्रामीण अंचलों में अरहर की खेती किसानी को बढ़ावा देकर आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर हो रहे हैं, वहीं शहर सहित क्षेत्र में अरहर की फसल खेतो में लहलहा रही है। वहीं ग्रामीण किसान अरहर से ही सालों भर घर में दाल का उपयोग करते है।

# भोरमदेव कारखाना में गन्ना किसानों को 6.52 करोड़ रुपए का किया भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा ने पेराई सत्र 2024-25 के अंतर्गत गन्ना किसानों को 6.52 करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान किया है। यह भुगतान डिप्टी सीएम विजय शर्मा के निर्देश और कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कारखाना द्वारा 22 नवंबर 2024 तक गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को 315.10 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया गया है।

पेराई सत्र के दौरान अब तक 26,787 मीट्रिक टन गन्ने की पेराई की गई है, जिससे 23,338 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ है। यह किसानों और कारखाना प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय का परिणाम है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित ने किसानों से अपील की है कि वे कारखाने में परिपक्व, साफ-सुथरा, अगवा रहित और जड़ रहित गन्ना आपूर्ति करें। ऐसा करने से शक्कर रिकवरी प्रतिशत में वृद्धि होगी, जिसका लाभ किसानों को सीधे मिलेगा। इसके साथ ही कारखाने ने नियमित अंतराल पर किसानों को भुगतान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। इस पहल का उद्देश्य गन्ना किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना और गन्ना आपूर्ति की प्रक्रिया को सुचारू बनाना है।

### उत्पादन में प्रगति व किसानों के लिए लाभकारी कदम

पेराई सत्र 2024-25 के दौरान गन्ना पेराई और शक्कर उत्पादन की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। कारखाने के प्रबंध संचालक जीएस शर्मा ने जानकारी दी कि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य प्रदान करने और कारखाना संचालन को अधिक लाभकारी बनाने पर लगातार काम किया जा रहा है। कारखाना प्रबंधन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि किसानों को समय पर उनके भुगतान प्राप्त हों और उत्पादन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले गन्ने की आपूर्ति के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे शक्कर उत्पादन की रिकवरी दर बढ़ाई जा सके।

# शाला संगवारी शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्रवाई करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- अंशकालीन शाला संगवारी शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री निवास में की थी मुलाकात।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदुर



जिले में कार्यरत विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के अंशकालीन शाला संगवारियों का मुलाकात सांसद संतोष पांडेय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ रविवार को मुख्यमंत्री निवास रायपुर में मुलाकात किए थे। जो की अंशकालीन शाला संगवारी शिक्षक के रूप में जिला डीएमएफ फंड से मानदेय पर कार्यरत हैं सभी अंशकालीन शाला संगवारी जिले में शिक्षा सत्र 2019-20 से शिक्षकीय कार्य में सेवा दे रहे हैं। वर्तमान में अंशकालीन शाला संगवारी शिक्षक के रूप में लगभग 70 शाला संगवारी पंडरिया, बोड़ला, कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा में कार्यरत हैं, जिसमें मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि हम लोग विगत 6 वर्षों से निरंतर कार्यरत हैं। और सभी शाला संगवारियों को सीधी भर्ती में विशेष प्राथमिकता देते हुए कार्यरत अंशकालीन शाला संगवारी शिक्षकों को बैकलॉग सीधी भर्ती में नियमित करते हुए सहायक शिक्षक के पद पर भर्ती करने हेतु निवेदन किया गया। जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा मांग को उचित मानते हुए जल्द ही शाला संगवारी के हित में निर्णय लेकर नियमित करने का आश्वासन दिया था और मुख्यमंत्री ने कलेक्टर के साथ दूरभाष में बात करते हुए सीधी भर्ती के लिए अनुमोदन सूची भेजने और तत्काल कार्यवाही कर 70 शाला संगवारियों को नियमित करने हेतु निर्देशित किया था। उक्त ज्ञापन को आगे की कार्यवाही के लिए अंशकालीन शाला संगवारी शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा, जिस पर उन्होंने तत्काल संबंधित शिक्षा विभाग को कार्यवाही के लिए फाइल को अग्रेषित किया। इस दौरान बैगा समाज के प्रदेशाध्यक्ष मोतीलाल बैगा, अंतूसिंह बैगा, शाला संगवारी शिक्षक करन सिंह बैगा, गन्नूराम बैगा, रतनसिंह बैगा, अमृतलाल बैगा, राजकुमार बैगा, श्रीमती सरोज बैगा सहित सभी उपस्थित थें।

## मन का संसार में बंध जाना ही बंधन है: ज्योतिर्मयानंद सरस्वती



**हरिभूमि कोलेगांव।** दुल्लापुर-रबेली में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत पुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजित किया गया। जिसमें पूज्य दंडी स्वामी सपाद लक्ष्यश्वर धाम सलधा कथा व्यास दंडी स्वामी श्रीमद ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महराज द्वारा कथा प्रवचन माला के तृतीय दिवस के व्याख्यान मे स्वामी ने कहा की जीव जब अपने जीवन के क्षण-क्षण को सुधारते हुए ईश्वर का स्मरण करता है, तो अंतिम समय मे उस जीव की मृत्यु भी मंगलमय हो जाती है, उसको महाप्रयान पद की प्राप्ति सुलभ होती है, जीवन मे बंधन और मुक्ति का मूल मन है, मन का संसार मे बंध जाना ही बंधन है और संसार मे रहते हुए मुक्त संसार से मुक्त रहना ही मुक्ति है। श्रीमद् भावगत कथा जिमसें शिव सती चरित्र पर स्वामी ने कहा की भावी वसात भगवान की कथा सुनकर के भी मां सती उनके चरित्र मे निष्ठा नही रख पाई, जिससे उनके हृदय मे संसय प्रगट हुआ, उन्होंने भगवान की परीक्षा लेनी चाहिए और भगवान ने भागवत का दर्शन कराया। संगीतमय नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में ग्रामीण सहित आसपास क्षेत्र के भक्त व श्रद्धालुगण अंगिरा गोत्रीय विप्र परिवार दुल्लापुर-रबेली में बड़ी संख्या मे उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत गंगा मे गोता लगाकर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है, उक्त जानकारी आचार्य प्रशांत शर्मा ने दी।

## शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हुए शामिल

# अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ की प्रांतीय नवीन प्रबंध कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जन जाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांतीय नवीन प्रबंध कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह पं दीनदयाल उपाध्याय साइंस कॉलेज आडिटोरियम रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने संगठन पदाधिकारियों को शपथ दिलाया, उक्त सम्बन्ध में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जिलाध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने बताया की मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों का गज माला, पीला गमछा, पीला चांवल से आदिवासी परम्परा अनुरूप स्वागत किया गया।

प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव स्वागत भाषण सह प्रतिवेदन पठन करते हुए सुप्रीम के 01 मई 2023 को सीधी भर्ती-पदोन्नति में आरक्षण की बहाली करने के आदेश दिया है, फलस्वरूप उक्त आदेश का पालन सिर्फ सीधी भर्तियों में किया जा रहा है। अतः आदेश का पालन पदोन्नति में भी करने निवेदन किया गया वर्तमान में प्रदेश में उक्त आदेश का पालन पदोन्नति में नहीं किया जा रहा है तथा नियम विरुद्ध आरक्षित वर्ग के हजारों पद में अनारक्षित वर्ग के शासकीय सेवकों को पदोन्नति कर दिया गया। नियम विरुद्ध पदोन्नति निरंतर जारी है, वहीं जहां आरक्षित वर्ग के शासकीय सेवकों को फायदा होना है वहां पदोन्नति बन्द कर रखा गया। अधिकारियों का यह दोहरा चरित्र आदिवासी समाज के समझ के परे है , बस्तर सरगुजा संभाग में तृतीय चतुर्थ श्रेणी पदों पर स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दिया जाता था, जो आज बिना प्राथमिकता के धड़ल्ले से बाहरी लोगों से भरा जा रहा है, जिससे आदिवासी समाज में नाराजगी है। बैकलाग के पदों पर भर्तिया शीघ्र प्रारंभ करने आदि प्रमुख मांगो को रखा गया। मुख्यमंत्री ने सभी आदिवासी समाज के जायज मांगो को शीघ्रता पूर्वक करने की बात कही। उन्होने उद्बोधन में आदिवासी समाज को सांस्कृतिक धरोहर परम्पराओं और मूल्यों का संवाहक बताया, कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारा ध्येय होना चाहिए।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक बिन्द्रानवागढ़ जनक ध्रुव, पाली तानाखार तुलेश्वर मरकाम, नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल, पूर्व प्रांताध्यक्ष शिशुपाल सोरी सर्जियस मिंज आदि ने संबोधित किया। इस दौरान जिले से व्याख्याता लवन सिंह कंवर, जिलाध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे, जिला उपाध्यक्ष चरामन धुर्वे, जिला कोषाध्यक्ष शिवराम सिंह श्याम, जिला सचिव रोहित कुमार धुर्वे, ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप कुमार धुर्वे, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मरकाम, ब्लॉक अध्यक्ष दामोदर सिंह उइके, डॉ विद्या सिंह ध्रुव, दल्लू सिंह मरकाम, उदल धुर्वे, जिला कार्यकारिणी जागेश्वर धुर्वे, उधघोषक प्रीति मंडावी, जिला मिडिया कैलाश मंडावी, सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष अमर सिंह कुशरे, इतवारी मेरावी, समाज प्रमुख सरजू मेरावी, कार्तिक मरकाम, प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी धुर्वे, जिलाध्यक्ष महिला राजकुमारी धुर्वे, बिरझू मेरावी, धनेश्वर छेदावी, संतोष मेरावी, रामावतार सिंह धुर्वे (रमन ), मानक मेरावी, भूट्टू नेताम, अनिल मेरावी, तीरथ नेताम कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित थें।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**स.लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में 26 नवम्बर को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता जैसे रंगोली, निबंध, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्रीमती मोना बर्मन, संदीप सोनकर, सुश्री अंजू महोबिया, सुश्री काजल साहू, डॉ ज्योति चंद्रवंशी, शत्रुघन राजपूत, गौरव जयसवाल, रुपेश वर्मा, तुलेश्वर वर्मा, विवेक चौहान, गिरीश साहू लक्ष्मीकांत वर्मा एवं महाविद्यालय की समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सिंचाई योजनाओं के लिए 10.51 करोड़ स्वीकृत

**कवर्धा।** राज्य शासन ने कबीरधाम जिले की दो सिंचाई योजनाओं के लिए 10 करोड़ 51 लाख 81 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। सिंचाई योजनाओं के जिन कार्यों को पूर्ण किए जाना है उसमें शीर्ष कार्य, नहरों के कार्य, जीर्णोद्धार, सीसी लाईनिंग एवं अन्य कार्य शामिल है। कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पण्डरिया की पुटपुटा व्यपवर्तन योजना के लिए 5 करोड़ 11 लाख 91 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। इसी तरह से विकासखण्ड पण्डरिया की ही अपर-आगर व्यपवर्तन योजना के लिए 5 करोड़ 39 लाख 90 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। इन दोनों सिंचाई योजनाओं के स्वीकृत कार्यों के पूर्ण हो जाने पर करीब 708 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से सिंचाई योजनाओं के कार्यों को पूर्ण कराने के लिए मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

### संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन



**कवर्धा।** भारत के संविधान को आत्मसात करने के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल छिरहा के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने संविधान के उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया। संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य एवं नीति निर्देशक सिद्धांतों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया। व्याख्याता कल्पना मरावी एवं रंजीता माहेश्वरी ने संविधान के निर्माण सहित उससे जुड़े तथ्यों के संबंध में अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा आज

**कवर्धा।** जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 27 नवंबर को विशेष ग्राम सभा आयोजित कर बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ और बाल विवाह मुक्त अभियान की शपथ दिलाई जाएगी। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के आदेश जारी किए हैं। विशेष अभियान का उद्देश्य जिले में बाल विवाह को समाप्त करना और बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना है। ग्राम सभा में ग्रामीणों को बाल विवाह के खतरों और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा, साथ ही बाल विवाह को रोकने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। कलेक्टर ने सभी पंचायत सचिवों और सरपंचों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और सुनिश्चित करें कि ग्राम सभा में अधिक से अधिक ग्रामीणों की उपस्थिति हो।

**त्रुटि:** नगरीय निकाय चुनाव के लिए जारी सभी 27 वार्डों की मतदाता सूची में कमियां

# जारी मतदाता सूची ने कवर्धा के वार्ड पार्षदों की बढ़ाई टेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद अब नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल जल्द ही बजने वाला है। जिसकी तैयारियों में प्रशासन सहित निकाय चुनाव में किस्मत आजमाने वाले संभावित प्रत्याशी भी जुट गए है। प्रशासन ने जहां नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची का जारी कर दी है वहीं प्रशासन द्वारा जारी इस मतदाता सूची ने कवर्धा नगर पालिका के संभावित वार्ड पार्षदों का टेंशन बढ़ा दिया है।

दरअसल प्रशासन ने कवर्धा नगर पालिका के वार्डो की जो मतदाता सूची जारी की है उसमें एक दो नहीं बल्कि कई खामियां है। आलम ये है कि वार्डो से थोकभाव में मतदाता ही गायब हो गए हैं और उनके नामों को नगर के किसी और वार्ड की मतदाता सूची में अंकित कर दिया गया है। प्रशासन के इस कारनामों से संभावित वार्ड पार्षद के साथ संबंधित मतदाता भी हलाकान और परेशान नजर आ रहा है। ऐसे ही एक मामले को लेकर नगर पालिका कवर्धा के वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद शंभू देवांगन ने तहसीलदार एवं रजिस्ट्रीकर अधिकारी कवर्धा जिला कबीरधाम के समक्ष अपनी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में शंभू देवांगन ने बताया कि कवर्धा नगर के वार्ड क्रमांक 14 के करीब 74 मतदाताओं के नाम प्रशासन द्वारा जारी मतदाता सूची से गायब है। पड़ताल करने पर पता चला कि वार्ड क्रमांक 14 के इन 74 मतदाताओं के नाम वार्ड क्रमांक 15 की मतदाता सूची में जोड़ दिए गए है। प्रशासन की इस अनदेखी और भर्राशाही से जहां नगर के वार्ड क्रमांक 14 की मतदाता सूची तो त्रुटि पूर्ण हुई ही है साथ वार्ड क्रमांक 15 की सूची में अतिरिक्त मतदाता जुड़ गए है।

आवेदक शंभू देवांगन ने तहसीलदार एवं रजिस्ट्रीकर अधिकारी कवर्धा जिला कबीरधाम के समक्ष प्रस्तुत आवेदन में वार्ड क्रमांक 14 के उन तमाम मतदाताओं के नाम भी सूचीबद्ध कर सौंपे हैं जिन्हें वार्ड क्रमांक 14 से हटाकर वार्ड क्रमांक 15 की सूची में डाल दिया गया है।

बताया जाता है कि इस तरह की त्रुटि सिर्फ कवर्धा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 14 भर में नहीं की गई बल्कि नगर के ऐसे कई वार्ड है जिनकी जारी मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी उजागर हुई है। अब देखने वाली बात होगी कि क्या प्रशासन इस त्रुटि पूर्ण मतदाता सूची को समय रहते दुरूस्त करा पाता है या नहीं, या फिर वार्ड के मतदाताओं को अपने वार्ड को छोड़ किसी और के वार्ड का पार्षद का चुनाव करना पड़ेगा।



**सूची में सैकड़ों मतदाता यहां से वहां**

सूत्रों की माने तो यह स्थिति सिर्फ कवर्धा नगर के वार्ड क्रमांक 14 भर की नहीं है बल्कि ऐसे कई वार्ड है जिसकी जारी मतदाता सूची में स्थानीय मतदाता यहां से वहां कर दिए गए हैं। माना जा रहा है कि यह सूची को अनानफनन में तैयार करने के चक्कर में हुआ है। जिसकी शिकायत सामने आने के बाद अब इसे दुरूस्थ कराने की बात की जा रही है।

# विधायक की सार्थक पहल से व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जगी..

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान



क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कल पंडरिया में ब्लाक स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर क्षेत्र के समुचित विकास एवम जन समस्याओं के निराकरण की दृष्टि से स्पष्ट निर्देश देते हुए जिस तरह के संकेत दिए हैं उसे एक शुभ संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। क्षेत्रीय विधायक द्वारा अगर इस तरह की समीक्षा बैठकें आगे भी ली जाती रहेंगी तो निश्चित रूप से इसके सुपरिणाम आएंगे और अपनी रोजमर्रा की मूलभूत समस्याओं को लेकर वर्षों से परेशानी झेल रहे आम लोगों को भी राहत मिलेगी। कल की समीक्षा बैठक में श्रीमती बोहरा के तेवरों से अंचल के तमाम सरकारी विभागों में वर्षों से कुंडली मारकर बैठे अकर्मण्य और गैरजिम्मेदार अमले के चलते निष्क्रिय हो चुकी व्यवस्था में अपेक्षित सुधार की उम्मीद जगी है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि द्वारा सतत रूप से समय समय पर ब्लाक स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों की इस तरह समीक्षा बैठकों के होने से जहां व्यवस्था में कसावट आती है वहीं प्रशासन तंत्र को जनसरोकारों व अपने दायित्वों के प्रति जवाबदेह तथा जिम्मेदार बनाए रखा जा सकता है।

**वनांचल के लिए भी है रोडमैप**

पंडरिया के वरिष्ठ भाजपा नेता एवम प्रदेश समिति पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सदस्य चंद्रकुमार सोनी ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा पंडरिया के वनवासी अंचलों का चहुमुखी विकास करने और वनवासियों को सुशासन के तहत उनकी दैनंदनि की समस्याओं का सहज सुलभ समाधान दिलाने के लिए कृत संकल्पित हैं। आने वाले समय में उनके द्वारा उसी अंचल में वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर वनांचल से संबंधित रोडमैप तैयार किया जाएगा। समय समय पर राजस्व संबंधी छोटी मोटी समस्याओं को लेकर वनवासियों को होने वाली परेशानियों के अलावा वनअधिकार पट्टा,वनभूमि पर अतिक्रमण,अवैध कटाई तथा निर्माण एवम विकास कार्यों के संबंध में संबंधित विभागों से चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए जाएंगे। अंचल के लोगों ने क्षेत्रीय विधायक की पहल को स्वागतेय बताया और कहा कि अगर ऐसी समीक्षा बैठकें सतत रूप से जारी रहेंगी तो इससे क्षेत्रीय विकास में नए कीर्तिमान तो स्थापित होंगे ही साथ ही जन समस्याओं के समाधान में होने वाले विलंब और भ्रष्टाचार पर काफी हद तक अंकुश लग सकेगा।

# धान खरीदी शुरू होने के महज दो हफ्ते में बारदाना की किल्लत

## भारतीय किसान संघ व किसानों ने दर्ज कराई नाराजगी



- एक घंटे की धान खरीदी बंद कर किया सांकेतिक प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश सरकार के निर्देश में जिले के धान खरीदी केन्द्रों में गत 14 नवम्बर से शुरू हुई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को अभी 15 दिन भी नहीं बीते हैं कि किसानो के सामने बारदाना की गंभीर समस्या खड़ी शुरू हो गई है। जिसे लेकर किसानो में भारी नाराजगी देखी जा रही है। हालांकि सरकार ने किसानों को उनके बारदाने की 25 रुपए कीमत अदा करने की बात कही हैं लेकिन किसानो को सरकार का यह फार्मूला रास नहीं आ रहा है और उन्होने इसका विरोध भी शुरू कर दिया है। जिसे लेकर मंगलवार को भारतीय किसान संघ के बैनर तले जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में किसानो ने दोपहर 12.00 बजे से 1.00 बजे तक धान खरीदी बंद कर धरना दिया। वहीं भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी है कि इस सांकेतिक धरना प्रदर्शन के बाद भी अगर व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो बड़ी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले में धान खरीदी का लक्ष्य 06 लाख 84 हजार 157 मीट्रिक टन रखा है। शासन के लक्ष्य के मुताबिक धान खरीदी करने के लिए प्रशासन को 33 हजार 208 बारदाना की जरुरत है। इसका 50 प्रतिशत नया बारदाना सरकार उपलब्ध करा रही है वहीं 50 प्रतिशत पुराना बारदाना जिला प्रशासन को सेवा सहकारी समिति, पीडीएस दुकान और राइस मिलर्स से जुटाना है। लेकिन मिलर्स बारदाना उपलब्ध कराने में कोई रूचि नहीं दिखा रहे हैं यही वजह है कि जिले में बारदाना की किल्लत अभी से खड़ी हो गई है।

**अब तक 11 हजार 42 किसानों ने बेचा 5 लाख 48 हजार 870 क्विंटल धान**

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में इस बार किसान समर्थन मूल्य पर अपने धान का विक्रय पूरे जोश और उत्साह के साथ कर रहे हैं। मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों की मेहनत का सम्मान करते हुए किसानों को 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेचने की सुविधा दी है। जो उनके लिए एक बड़ा आर्थिक सहारा बन रहा है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। जिले में अब तक 11 हजार 42 किसानों से 5 लाख 48 हजार 870 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। कबीरधाम जिले में धान खरीदी के पहले दिन से किसानों ने धान खरीदी केंद्र पहुंचकर अपने धान को तौलकर समर्थन मूल्य में विक्रय कर रहे है। शासन के मंशानुरूप किसानों को पहले से ही टोकन जारी किया जा रहा है, जिससे आसानी से अपना धान का विक्रय कर रहे है। जिले में टोकनों के माध्यम से अब तक 5 लाख 48 हजार 870 क्विंटल धान खरीदा गया है। 27 नवंबर 2024 बुधवार के लिए उपार्जन केंद्रो से धान खरीदी के लिए कुल 2868 टोकन (समिति द्वारा काटा गया टोकन 1288 और किसानों द्वारा टोकन तुंहर हाथ द्वारा 1580 काटा गया ) काटा गया है। इन टोकन से 2 हजार 868 किसानों से 1 लाख 33 हजार 301 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। इस बार प्रदेश सरकार द्वारा 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है, जो किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक सहारा बनेगा। जिला प्रशासन ने धान खरीदी केंद्रों पर सुचारू और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। प्रत्येक केंद्र पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, ताकि खरीदी प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से संपन्न हो सके। धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर किसानों के बैंक खातें में राशि प्राप्त हो रही है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में नई सुविधा की शुरूआत की गई हैं। धान उपार्जन केन्द्रों में माईक्रो एटीएम लगाये गए हैं। माइक्रो एटीएम में प्रतिदिन 10 हजार रूपए अधिकतम आहरण की सीमा निर्धारित है।

# विशेषर पटेल को गौसेवा आयोग के अध्यक्ष बनाए जाने पर अंचल के ग्रामीणों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान



राज्य सरकार द्वारा गौसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष रहे विशेषर सिंह पटेल को पुनः राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बनाए जाने से स्थानीय ग्रामवासियों सहित अंचल के लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है। श्री पटेल के मनोनयन की खबर मिलते ही उनके शुभचिंतकों ने एक दूसरे को मिठाई बांट कर मुंह मीठा किया। उल्लेखनीय है कि श्री पटेल पूर्व में शिक्षक रहे हैं और उनकी पहली पदस्थापना वनांचल स्थित प्राथमिक शाला कोदवागोडान में हुई थी और वे यहां कुछ वर्षों तक रहते हुए अपने कार्य व्यवहार से ग्रामवासियों के साथ अपनत्व का ऐसा रिश्ता बना चुके थे कि जैसे वे इसी गांव के निवासी हों। अपने शिक्षकीय दायित्वों से वे जहां बच्चों के आदर्श गुरुजी थे वहीं सामाजिक कार्यों के चलते वे ग्रामीण बड़े बुजुर्गों के प्रिय पात्र बन चुके थे। इसके अलावा ग्रामीण रामायण मंडली में भाग लेने और आर एस एस के सक्रिय स्वयंसेवक के रूप में उन्होंने अंचल के युवा वर्ग से भी अपने को जोड़ लिया था। इसी लिए विशेषर पटेल यहां ग्रामीणों के बीच गुरु,सखा,भाई और बेटा जैसे रहे हैं और यही कारण है कि उनको विष्णुदेव सरकार द्वारा कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिए जाने से उनके तत्कालीन मित्रों और शिष्यों में खुशी की लहर देखी जा रही है। इस अवसर उन्हें शिवनंदन पांडेय, यदुनंदन, श्याम लाल प्रजापति, देवलाल साहू, गंगादीन पटेल, गंगाराम, रामअवतार साकत, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू,सुनील सिंह ठाकुर तथा बेदराम साहू ने श्री पटेल को हार्दिक बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# सरस्वती ज्ञान मंदिर के बच्चों ने जीता 6 पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶स. लोहारा

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता प्राइवेट स्कूल संघ की ओर से कवर्धा कबीरधाम के आयोजन में भाग लिया।

जिसमें सरस्वती ज्ञान मंदिर सहसपुर लोहारा के बच्चों ने 6 पदक जीतकर बाजी मारी। स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक झरना यादव ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम, संजय साहू ने 200 मीटर दौड़ में तीसरा, तुलसी ने 100 मीटर दौड़ में तीसरा, दीपक ने 100 मीटर में तीसरा, मिली राजपूत ने चेस में तीसरा, भुनेश्वर पटेल ने कुर्सी दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया। समस्त प्रतिभागियों एवं विजेताओं को सरस्वती ज्ञान मंदिर सहसपुर लोहारा की प्रधानाचार्य श्रीमती आरती साहू, शिक्षक संतोष विश्वकर्मा, सती यादव, सरस्वती सिन्हा, गायत्री शुक्ला, सुरेखा निषाद आदि ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# मतदान केंद्र में मनाया गया भारतीय संविधान दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

नगर पंचायत पिपरिया कवर्धा जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ के मतदान केंद्र क्रमांक 186 बड़े बाजार, देवांगन सामुदायिक भवन में संविधान दिवस मनाया गया।

26 नवंबर को आजादी के 75 वें वर्ष में भारतीय संविधान दिवस पूरे हो गए है। अभिहित अधिकारी शिक्षक बिहारी दास वैष्णव ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस के पर संविधान का मूल उद्देशिका व संविधान निर्माताओं में डां. बीआर अम्बेडकर तथा उसके मुख्य सहयोगी एसएन मुखर्जी जो कि प्रारुप कार थे। भारतीय लोकतंत्र में भारतीय संस्कृति परम्परा और जीवन मूल्यों समाहित है। हमारे संविधान में मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों का निधार्रण करता है, जो देश की एकता व अखंडता बनाए रखने में महत्वपूर्ण हैं।

एसएन मुखर्जी ने संविधान सभा में संविधान के प्रारुपकार थे, जो मतदाता सूची प्रारुप में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

**बच्चों को नशे से होने वाले नुकसान व नशा न करने के बताए गए लाभ**

# ग्राम भेदली में नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शिव मंगल महिला समिति दुर्ग और समाज कल्याण विभाग कवर्धा शाखा द्वारा संचालित भोरमदेव नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की टीम ने ग्राम भेदली के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बच्चों को नशे से होने वाले नुकसान और नशा न करने के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, एक जागरूकता रैली, नशा मुक्ति पर आधारित रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को यह भी सिखाया गया कि वे नशे से कैसे बचें और अपने परिवार तथा समुदाय को नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा, भोरमदेव नशा मुक्ति केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क सेवाओं की जानकारी दी गई।

**नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई**

सभी छात्रों और शिक्षकों ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ली कि वे न केवल स्वयं नशा से दूर रहेंगे, बल्कि अपने परिवार, गांव और मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक प्यारे सिंह राजपूत, शिक्षिका श्रीमती वर्षा मानिकपुरी और शिक्षक दशरथ निर्मलकर उपस्थित रहे। भोरमदेव नशा मुक्ति केंद्र की ओर से परियोजना समन्वयक श्रीमती अर्चना निशांत यादव के साथ टीम के अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# स्वामी करपात्री विद्यालय में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जनजाति गौरव माह के अंतर्गत जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन नगर के स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सीताराम धुर्वे शिक्षक ने छत्तीसगढ़ के जनजातियों के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराया तथा विभिन्न जनजातियों के महापुरुषों के त्याग, बलिदान और शौर्य का प्रभावशाली ढंग से वर्णन किया। समारोह को विशिष्ट अतिथि हलधरनाथ योगी जिला सह कार्यवाहक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू ने किया और आभार प्रदर्शन प्राचार्य जीएस जोशी ने किया। कार्यक्रम का संचालन जेके सिंह ने किया। जनजाति गौरव दिवस के इस कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी व्याख्याता बी लहरें एवं सहायक नोडल अधिकारी व्याख्याता परमजीत कौर को बनाया गया था। समारोह में स्वामी करपात्री जी विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सहायक संचालक एम के गुप्ता, यूआर चंद्राकर, क्रीड़ा अधिकारी दिनेश साहू, प्राचार्य पिपरिया बी.सतीश, व्याख्याता राहुल मिश्रा सहित विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही। इस अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार शिवरानी निर्मलकर किशुनगढ़ पंडरिया, द्वितीय पुरस्कार खिलेश्वरी साहू रौचन एवं तृतीय पुरस्कार बिंदेश्वरी साहू खैरबनाकला को प्राप्त हुआ तथा जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार राधिका साहू खैरबनाकला, द्वितीय पुरस्कार मोनिका साहू रौचन एवं तृतीय पुरस्कार क्षम चंद्रवंशी स्वामी करपात्री जी विद्यालय कवर्धा को प्राप्त हुआ।